
■ चैत्र शुक्ल - 1 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 241 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 30-03-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | दिनसरी हिन्दी नाळितழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, चैत्र नवरात्र आरम्भ हो रहे हैं। क्या यह साधना के लिए विशेष फलदायी अवसर है ?

**उत्तर:** पहली बात तो यह है कि साधक जिस किसी मुहूर्त में साधना आरम्भ करे वही समय उसके लिए विशेष फलदायक अवसर बन जाता है, क्योंकि साधना में बीता समय, अपने तथा समष्टि दोनों के लिए ही समय का सर्वोत्तम उपयोग है।और दूसरी बात यह कि जब अधिकांश लोग एक ही मुहूर्त और अवधि में साधना कर रहे हों तो निस्संदेह साधना के सार्वभौमिक लाभ होने के साथ-साथ पारस्परिक लाभ भी बढ़ जाते हैं । इस अर्थ में चैत्र नवरात्र साधना के लिए अवश्य ही विशेष फल दायी अवसर है क्योंकि, सभी सनातनी नौ दिन की इस अवधि को यज्ञ, दान, तप, स्वाध्याय के लिए पावन मुहूर्त मानकर श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं ।

## वार्षिकोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चन्नपटना के ट्रीगर्स डांस स्कूल द्वारा सरकारी विद्यालय के शतमानोत्सव सभागार में वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र मुणोत व फिल्म अभिनेता मुनिराज ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने अपनी मनभावन सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। मुणोत ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

# भाजपा महंगाई, मुस्लिम कोटा और विधायकों के निलंबन के खिलाफ करेगी प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधने के उद्देश्य से शनिवार को घोषणा की कि राज्य में बढ़ती महंगाई के खिलाफ दो अप्रैल से दिन-रात प्रदर्शन किया जाएगा और सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के सरकार के ''असंवैधानिक'' कदम के खिलाफ 10 अप्रैल के बाद राज्यव्यापी जागरूकता अभियान भी शुरू किया जाएगा।

विजयेंद्र ने बताया कि पार्टी विधानसभा से भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित किए जाने के खिलाफ भी प्रदर्शन करेगी और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर के फैसले को ''तानाशाही'' करार दिया। उन्होंने कहा, पार्टी के कुछ नेताओं ने बैठक कर कई मुद्दों पर चर्चा की, खासकर राज्य में बढ़ती महंगाई के बारे में्। दूध के दाम बढ़ाकर कांग्रेस सरकार ने शायद जनता को उगादि का तोहफा दिया है। हम जनता में जागरूकता लाना चाहते हैं और हमने इस मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

विजयेंद्र ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा दो अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से यहां फ्रीडम पार्क में दिन-रात प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा, इस प्रदर्शन में भाजपा के सभी विधायक, विधानपरिषद के सदस्य, पूर्व विधायक, विधानसभा चुनाव लड़ चुके लोग, जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। चार अप्रैल को सभी जिला केंद्रों पर और पांच अप्रैल को सभी मंडलों पर कांग्रेस सरकार की महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

विजयेंद्र ने पिछले सप्ताह विधानसभा सत्र के अंतिम दिन भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित किए जाने को ''तानाशाही'' करार देते हुए कहा कि यह सही नहीं है और यह ''असंवैधानिक'' है। उन्होंने कहा, हमारे सभी विधायक और विधानपरिषद के सदस्य विधान सौधा परिसर में केंगल हनुमंतैया की प्रतिमा के सामने दो अप्रैल को प्रदर्शन करेंगे। हम उस दिन विधानसभा अध्यक्ष को भी एक ज्ञापन सौंपेंगे क्योंकि उनका फैसला उक्त विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं का अपमान करता है। भाजपा अध्यक्ष ने सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के कांग्रेस सरकार के कदम को ''हिंदू विरोधी'' करार देते हुए कहा कि यह एक ''असंवैधानिक'' कदम है और राज्य सरकार धर्म के आधार पर ऐसा निर्णय नहीं ले सकती है।

# कर्नाटक सरकार ने 3500.86 करोड़ रुपये से अधिक की 69 परियोजनाओं को मंजूरी दी

**बेंगलूरु।** कर्नाटक सरकार ने यहां आयोजित राज्य स्तरीय निगरानी समिति की 152वीं बैठक के दौरान शनिवार को 3500.86 करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 69 परियोजनाओं को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, कर्नाटक के बड़े, मध्यम उद्योग एवं बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल के नेतृत्व में मंजूर की गई इन परियोजनाओं से राज्य भर में लगभग 24,954 लोगों के लिए रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

प्रमुख स्वीकृतियों में ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड शामिल है, जो 3,394 लोगों को रोजगार देने वाले मशीन टूल सेंटर पर 285 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वहीं कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट लिमिटेड साबुन और डिटर्जेंट के निर्माण में 250 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड पेय पदार्थों के निर्माण में 249 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इन परियोजनाओं के साथ पाटिल ने औद्योगिक निवेश को सुविधाजनक बनाने और टिकाऊ विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं का समर्थन करके कर्नाटक की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# 'उत्कल दिवस' भव्य तरीके से मनाएगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में भव्य तरीके से 'उत्कल दिवस' (ओडिशा दिवस) मनाएगी। ओडिशा राज्य के गठन के उपलक्ष्य में हर साल एक अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया जाता है। इसे ओडिशा दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन 1936 में, भाषाई पहचान के आधार पर, ब्रिटिश शासन के अधीन बिहार और उड़ीसा प्रांत से पृथक कर ओडिशा को एक अलग प्रांत बनाया गया था।

रेखा गुप्ता ने ओडिशा और दिल्ली में रहने वाले लोगों को एक अप्रैल को मनाए जाने वाले 'उत्कल दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''इस बार दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में ओडिशा दिवस को धूमधाम से मनाएगी।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले उड़िया परिवार दिल्ली के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा, ''मैं कहना चाहूंगी कि वे दिल्ली का अभिन्न अंग हैं और मैं उन्हें विश्वास दिलाती हूं कि दिल्ली सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है और सरकार उनके विकास के वास्ते काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' गुप्ता ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से शनिवार को मुलाकात की। ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की।'' दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पुरी के सांसद संबित पात्रा, ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंद्रन के साथ श्री जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चना की। गुप्ता ने 12वीं सदी के मंदिर के बाहर संवाददाताओं को बताया, ''जय जगन्नाथ, मुझे पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाप्रभु से प्रार्थना की कि मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली और देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचे और यह मार्ग सदैव प्रशस्त रहे।'' उन्होंने कहा, ''मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अमावस्या के अवसर पर पुरी जगन्नाथ धाम आ रही हूं।''

# उत्तराखंड में 'अवैध खनन' के मुद्दे पर धामी सरकार असहज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड सरकार में पूर्व मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल से जुड़े मामले को लेकर लंबे समय तक फजीहत झेलने के बाद पुष्कर सिंह धामी सरकार अपनी ही पार्टी के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा प्रदेश में जारी 'अवैध खनन' का मुद्दा उठाए जाने से एक बार फिर असहज स्थिति में पड़ती दिखाई दे रही है।

भाजपा के सांसद रावत ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा था कि उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधमसिंह नगर जिलों में रात के समय अवैध रूप से खनन ट्रकों का संचालन किया जा रहा है, जो न केवल कानून व पर्यावरण सुरक्षा के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद खनन माफिया रात के समय बिना किसी वैध अनुमति के ट्रकों में क्षमता से अधिक खनिजों की तस्करी कर रहे हैं, जिससे सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे को भारी क्षति हो रही है।

रावत ने यह भी कहा था कि इन ट्रकों के लापरवाह और तेज गति से चलने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। रावत ने ट्रक चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, नशे की हालत में वाहन चलाने और स्थानीय प्रशासन से मिलीभगत के कारण स्थिति को भयावह बताते हुए इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करने को कहा था।

# गोवा मंत्रिमंडल में फेरबदल एक राजनीतिक फैसला है, इस संबंध में निर्णय पार्टी लेगी : मुख्यमंत्री सावंत



**पणजी/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की पुष्टि करने से इनकार कर दिया और कहा कि जब भी ऐसा होगा, यह एक राजनीतिक फैसला होगा तथा भाजपा इस संबंध में निर्णय लेगी।

सावंत ने कहा कि मंत्रिमंडल फेरबदल का फैसला एक दिन पहले मीडिया के साथ साझा किया जाएगा ताकि वे लोगों को इसके बारे में सूचित कर सकें। चार अप्रैल को संभावित फेरबदल की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''इन तारीखों पर भरोसा मत कीजिए। कोई व्यक्ति कोई तारीख बताता है और हर कोई उस पर चर्चा शुरू कर देता है। मंत्रिमंडल में फेरबदल एक राजनीतिक फैसला है। हमें इसका विश्लेषण करना होगा कि इससे भाजपा और सरकार को क्या लाभ होगा और अगले चुनाव के परिप्रेक्ष्य में निर्णय लेना होगा।''

# यतनाल के भाजपा से निष्कासन में मेरी कोई भूमिका नहीं : विजयेंद्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने वरिष्ठ नेता एवं विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को पार्टी से निकाले जाने में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार करते हुए शनिवार को कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से आलाकमान ने लंबे समय तक विचार-विमर्श के बाद लिया। उन्होंने कहा कि मैने यतनाल समेत पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने के लिए ईमानदारीपूर्वक प्रयास किए थे।

विजयेंद्र ने कहा कि उन्होंने पार्टी के हित में लगभग एक साल तक खुद और पिता (पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा) को लेकर यतनाल द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियां सहन की। इससे पहले शनिवार को ही यतनाल ने कुछ कन्नड़ समाचार चैनलों से बात करते हुए विजयेंद्र और येडीयुरप्पा पर हमला बोला। यतनाल ने कहा कि वह कर्नाटक में वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और समायोजन की राजनीति के खिलाफ अपनी लड़ाई की शुरुआत राज्य में यात्रा करके और लोगों के बीच जागरूकता पैदा करके करेंगे, जिसका उद्देश्य भाजपा की मूल विचारधारा को बचाना है। उन्होंने कहा कि वह कोई नई पार्टी नहीं बनाएंगे और भाजपा को मजबूती प्रदान करने को लेकर संकल्पित हैं।

यतनाल ने कहा, भ्रष्ट लोगों और पार्टी को अपनी निजी संपत्ति बनाने वालों को प्रदेश भाजपा से बाहर किया जाएगा और ऐसी भाजपा बनाई जाएगी जो कर्नाटक में हिंदुओं की रक्षा करेगी। भाजपा ने बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री यतनाल को पार्टी अनुशासन का बार-बार उल्लंघन करने के कारण छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। विजयेंद्र ने यतनाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हमारे केंद्रीय नेताओं ने कई बार नोटिस जारी करके यतनाल को समझाने की कोशिश की थी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के दो-तीन महीने के अंदर मैंने भी विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रवि कुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के माध्यम से उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी, जिसका उद्देश्य पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं के हित में छोटी-मोटी उलझनों को दूर करना था। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने की भी कोशिश की थी और उन्हें विधानमंडल सत्र के दौरान रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था और उनसे कहा था कि चलिये मामले को सुलझाते हैं। मैं उम्र और अनुभव दोनों के मामले में यतनाल से कनिष्ठ हूं। शिकारीपुरा के विधायक विजयेंद्र ने यतनाल के निष्कासन में अपनी और येडीयुरप्पा की भूमिका से इनकार करते हुए कहा, मैंने पार्टी के हित को ध्यान में रखते हुए येडीयुरप्पा के अपमान को भी सहन किया है।

# विहिप ने राज्यपाल से किया मुसलमानों को कोटा देने संबंधी विधेयक को मंजूरी न देने का आग्रह

**बेंगलूरु।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव करने संबंधी विधेयक को खारिज करने का अनुरोध किया। विहिप ने प्रस्तावित विधेयक को संविधान के सिद्धांतों के ''विरुद्ध'' बताया।

कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पिछले सप्ताह विधानसभा द्वारा पारित किया गया था, जिसके तहत दो करोड़ रुपये तक के (सिविल) कार्यों और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा खरीद अनुबंध में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान किया गया था। अब विधेयक को अधिनियम बनने के लिए राज्यपाल की स्वीकृति आवश्यक है।

# गैर-मराठी भाषियों के खिलाफ हिंसा जानबूझकर नहीं की होती : मनसे



**मुंबई/भाषा।** राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने शनिवार को कहा कि राज्य में उसके कार्यकर्ताओं द्वारा गैर-मराठी भाषियों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं जानबूझकर नहीं की गईं।

मनसे उपाध्यक्ष और प्रवक्ता वागीश सारस्वत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उनकी पार्टी को बिहार या कर्नाटक से आने वाले लोगों के महाराष्ट्र में रहने और काम करने से कोई समस्या नहीं है, बशर्ते वे स्थानीय भाषा का सम्मान करें।

उन्होंने कहा, ''मराठी मुंबई और महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों की भाषा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में इसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। लेकिन कुछ लोग जानबूझकर भाषा का अनादर और अपमान करते हैं। ऐसे तत्वों को सबक सिखाने के दौरान हिंसा होती है। लेकिन यह जानबूझकर नहीं होता। मराठी को उचित सम्मान दें और हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है कि संबंधित लोग बिहार से हैं या कर्नाटक से।''

सारस्वत लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद राजेश वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। वर्मा ने कहा था कि वह महाराष्ट्र में मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदी भाषियों पर हमलों का मुद्दा लोकसभा में उठाएंगे।

वर्मा ने आरोप लगाया था कि मनसे हिंदी भाषियों को निशाना बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषी लोग भी महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि मनसे भीड़ के रूप में निहत्थे लोगों पर हमला कर रही है, क्योंकि वे मराठी भाषा नहीं बोल सकते।

वर्मा ने कहा था, ''हिंदी भाषी कड़ी मेहनत करते हैं। वे सम्मान के हकदार हैं, अपमान और हिंसा के नहीं।''

# कामरा को विदेश स्थित भारत विरोधी संगठनों से मिलता है चंदा : संजय



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना नेता संजय निरूपम ने शनिवार को आरोप लगाया कि हास्य कलाकार कुणाल कामरा को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत विदेश स्थित ''भारत विरोधी'' संगठनों से चंदा मिल रहा है और पार्टी इस संबंध में केंद्रीय एजेंसियों से संपर्क करेगी।

निरूपम ने यहां प्रेसवार्ता में दावा किया कि कामरा को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य अरब देशों के दानदाताओं से चार करोड़ रुपए मिले हैं। कामरा (36) उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष करने के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक विवाद में फंस गये हैं। कामरा ने एक शो के दौरान शिंदे पर टिप्पणी की थी जिसके बाद शिवसैनिकों ने उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की, जहां यह शो हुआ था। शिवसेना नेता ने कहा, ''कुणाल कामरा को धनराशि मिल रही है। उसे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कतर, सऊदी अरब और अमेरिका से चार करोड़ रुपए का विदेशी चंदा मिला है।'' उन्होंने कहा, '' जो लोग पैसे भेज रहे हैं, उनमें से ज्यादातर एक ही समुदाय के हैं। क्या उन्हें (कामरा को) मदद करने के लिए कोई फतवा जारी किया गया है? यह एफसीआरए का उल्लंघन है।'' निरूपम ने दावा किया कि कामरा को भारतविरोधी लोगों एवं संगठनों से पैसे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कामरा के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। हम देशद्रोहियों और भारत विरोधी संगठनों से पैसे लेने एवं भारत को बदनाम करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों से उसके खिलाफ शिकायत करेंगे। कुणाल कामरा अब बच नहीं सकता।'' शिवसेना नेता ने यह भी आरोप लगाया कि हास्य कलाकार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री से धन मिलता है और वह उनके प्रभाव में है।

# देश की सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट होगी: प्रल्हाद जोशी


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नवसारी/भाषा।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को कहा कि देश की सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता वर्तमान 80 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट हो जाएगी जबकि इसकी स्थापित सौर सेल विनिर्माण क्षमता जल्द ही 25 गीगावाट से बढ़कर 40 गीगावाट पहुंच जाएगी।

जोशी ने गुजरात के नवसारी में वारी एनर्जीज लिमिटेड की 5.4 गीगावाट क्षमता की सौर सेल विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा, देश में 2014 में सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण लगभग नदारद था। लेकिन आज के समय में वारी एनर्जीज जैसी कंपनियां 80 गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल का उत्पादन कर रही हैं। वर्ष 2030 तक, हमारी कुल सौर पीवी विनिर्माण क्षमता 125 गीगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में सौर सेल विनिर्माण भी शून्य था लेकिन आज 25 गीगावाट का विनिर्माण हो रहा है, और बहुत जल्द देश 40 गीगावाट के लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। जोशी ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा का दुनिया में तीसरा बड़ा उत्पादक बन गया है, और वर्तमान में 220 गीगावाट से 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन अमोनिया के लिए दुनिया की सबसे बड़ी बोली भारत ने लगाई थी और इलेक्ट्रोलाइजर एवं ग्रीन हाइड्रोजन विनिर्माण के लिए 50 प्रतिशत निर्यात ऑर्डर बुक किए गए हैं। उन्होंने कहा, हम नवीकरणीय ऊर्जा के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक हैं। दस साल पहले, हम इस नक्शे पर कहीं नहीं थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कुछ हासिल किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात को विकास के रोल मॉडल और विकास इंजन के साथ नीति संचालित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए मोदी की सराहना की। पटेल ने कहा, कारोबार में आसानी, जनहितैषी नीतियों और बुनियादी सुविधाओं ने गुजरात को उद्योगपतियों के लिए पसंदीदा राज्य बनने में मदद की है। हमने उस परंपरा को आगे बढ़ाया है और अधिक बड़े एवं उभरते उद्योगों को आकर्षित करने के लिए आत्मनिर्भर गुजरात नीति लेकर आए हैं। इस नीति के तहत 43,000 करोड़ रुपए के निवेश से 183 इकाइयां चालू हो गई हैं।



# जम्मू-कश्मीर : सीमा पार से रची जा रही साजिशें हमारे बच्चों की जान ले रही हैं: उपमुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार से रची जा रही साजिशें हमारे बच्चों की जान ले रही हैं। चौधरी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को सलाह दी कि वह अपना आतंकवाद छोड़ दे क्योंकि हिंसा से कुछ हासिल नहीं किया जा सकता है।

गुलशन ग्राउंड स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह के श्रद्धांजलि समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान चौधरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान को सदबुद्धि आएगी ताकि तीन दशक पुराना आतंकवाद समाप्त हो सके। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शहीद पुलिसकर्मी को पुष्पांजलि अर्पित की, इस शहीद पुलिसकर्मी के परिवार के सदस्य, पुलिस महानिदेशक, जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी और सिविल, पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। अब्दुल्ला, चौधरी और डीजीपी ने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कठुआ जिले के सफियान जंगल में आतंकवादियों के साथ दो दिन तक चली मुठभेड़ में सिंह और तीन अन्य पुलिसकर्मी शहीद हो गए। इस अभियान में दो आतंकवादी भी मारे गए, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े थे। यह अभियान अभी जारी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकारें कभी नहीं चाहेंगी कि हमारे बच्चे शहीद हों। हमारे बच्चे सीमा पार से रची गई साजिशों के कारण शहीद हो रहे हैं, लेकिन उन्हें (पाकिस्तानियों को) समझना चाहिए कि वे पिछले 30 वर्षों से हमारे बच्चों को मार रहे हैं और उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला देश खुद को नष्ट कर चुका है और हमें उम्मीद है कि उसे सद्बुद्धि आएगी और प्रायोजित आतंकवाद का खात्मा होगा। उन्हें समझना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर व भारत आतंकवाद से कमजोर नहीं होने वाला।

चैत्र शुक्ल - 1 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 241 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 30-03-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



4 परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही बनेगा भारत विश्व गुरु

6 नायब सूबेदार नुदुराम सोरेन: गलवान में इनका जोश देखकर हमारे जवानों ने तोड़ी थीं चीनियों की गर्दनें

7 रोमांच से भरपूर फिल्म में संजय दत्त लगाएंगे कॉमेडी का तड़का



### अवकाश की सूचना

हिन्दू पंचांग के अनुसार नव वर्ष विक्रम संवत 2082 रविवार से प्रारंभ हो रहा है। दक्षिण भारत में इसे युगादि (उगादि) पर्व के रूप में मनाया जाता है। दक्षिण भारत राष्ट्रमत के सभी पाठकों, हितैषियों, विज्ञापनदाताओं को इस पर्व की शुभकामनाएं। इस उपलक्ष्य में **दक्षिण भारत कार्यालय** में रविवार 30 मार्च को सम्पूर्ण अवकाश रहेगा, अगला अंक 01 अप्रैल को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

# भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की कोशिशें बंद होनी चाहिए : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाषा के मुद्दे को लेकर शनिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सहयोग की भावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा के नाम पर देश को तोड़ने के प्रयास बंद होने चाहिए।

तमिल रानी वेलु नचियार को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर भारत में नचियार के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की।



**कुछ लोग मुगल शासक औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने अन्य धर्मों के अनुयायियों पर अत्याचार किए।**

सिंह ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं।

तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य में हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों दलों के बीच जुबानी जंग और तेज हो सकती है।

द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा है।

सिंह ने कहा कि कुछ लोग मुगल शासक औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने अन्य धर्मों के अनुयायियों पर अत्याचार किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के युग की शुरूआत की है और अब महिलाओं को सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन मिल रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सिंह ने रानी मंगम्माल, जो तमिलनाडु से थीं, को भी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके शासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम को जनांदोलन में बदलने में महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 18वीं सदी की रानी नचियार की प्रशंसा करते हुए उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने वाली प्रेरणादायी शख्सियतों में से एक बताया है।

## चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी और गुडी पड़वा के अवसर पर मुर्मु ने शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुड़ी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है, चैत्र शुक्लादि, उगाड़ी, गुडी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ। वसंत ऋतु के आगमन पर मनाए जाने वाले ये त्योहार भारतीय नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक हैं और भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं। ये उत्सव सामाजिक एकता और आपसी सम्बंधों को नया आयाम देते हैं। इन त्योहारों पर नई फसल की खुशी में हम उत्सव मनाते हैं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा , मेरी कामना है कि ये सभी त्योहार हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत बनाएं और हम सब मिलकर नव-ऊर्जा के साथ देश के विकास में अपना योगदान दें।





# 18 माओवादी ढेर

## 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जगदलपुर/एजेन्सी।** छत्तीसगढ़ में शनिवार का दिन पुलिस व सुरक्षा बलों के नाम रहा। सुरक्षा बलों के जवानों ने अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया जबकि 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

एक ओर सुकमा जिले केरलापाल के गोरगुंडा पहाड़ियों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गये जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक जवान समेत चार जवान घायल हो गये।

दंतेवाड़ा जिले में आज 15 माओवादियों ने पुलिस समक्ष आत्मसमर्पण किया। वहीं बीजापुर में नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया।

पुलिस के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में आज लोनवर्राटू अभियान के तहत 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। समर्पित माओवादियों को 25 हजार रुपए की सहायत राशि और पुर्नवास की अन्य सुविधा प्रदान की जायेगी।

गौरतलब है कि दंतेवड़ा जिले में अबतक 987 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण किया है।

### फर्स्ट टेक

## मणिपुर के नोनी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के नोनी जिले में शनिवार को 3.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इसमें किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि अपराह्न दो बजकर 31 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। पूर्वोत्तर राज्य के नोनी जिले में भूकंप आया। इसने बताया कि भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर थी।

## अफगानिस्तान में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए

**नई दिल्ली/भाषा।** अफगानिस्तान में शनिवार तड़के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि पहला भूकंप तड़के चार बजकर 51 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.3 आंकी गई, जबकि दूसरा झटका तड़के पांच बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.7 थी। भूकंप का केंद्र काबुल से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित था और इनकी गहराई 180 किलोमीटर से अधिक थी।

## रूस नए सिरे से कर सकता है हमला : यूक्रेन

**कीव/एपी।** यूक्रेनी सरकार और सैन्य विश्लेषकों ने आशंका जताई है कि रूसी सेनाएं यूक्रेन पर दबाव बढ़ाने और युद्ध विराम वार्ता में अपने देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए आगामी दिनों में नये सिरे से सैन्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रही हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लड़ाई रोकने के लिए और अधिक भूमि की मांग करने के बारे में चर्चा में देरी करने का हर कारण मिल सकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए रूस की ओर से बार-बार संकेत आ रहे हैं कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए सार्थक बातचीत में शामिल होने का कोई इरादा नहीं रखता है।

# मोदी बहुत अच्छे दोस्त : ट्रंप

## भारत के साथ व्यापार वार्ता के नतीजे को लेकर आशावादी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन/ भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' और अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे।



ट्रंप की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से द्विपक्षीय व्यापार पर हुई चर्चा के दिन आई। इस चर्चा के दौरान संतुलित व्यापारिक संबंधों के लिए बाधाओं को कम करने का मुद्दा भी शामिल रहा।

ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं।

उनकी यह टिप्पणी दो अप्रैल सै भारत समेत कई देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा पर अमल होने के कुछ दिन पहले आई है।

ट्रंप ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। यह निष्ठुर है, यह निर्दयी है। वे बहुत बुद्धिमान हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच यह बहुत अच्छा काम करेगा।

# हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव आ सकता है : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले लोग बदलाव नहीं ला सकते, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 16 नक्सलियों को मार गिराया तथा स्वचालित हथियारों का एक विशाल जखीरा बरामद किया।



गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता; केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में वादे के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा वादे के अनुसार बहाल किया जाएगा। हालांकि शाह ने कोई समयसीमा नहीं बताई। शाह ने शुक्रवार रात टाइम्स नाउ समिट 2025 में कहा कि पिछले साल जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे। राज्य का दर्जा बहाल करने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने आश्वासन दिया है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। लेकिन सार्वजनिक मंच पर यह नहीं बताया जा सकता कि यह कब दिया जाएगा। जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था और तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था, तो शाह ने संसद में कहा था कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, कश्मीर में 40 साल बाद यह पहला चुनाव था जिसमें किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान नहीं हुआ।

# सरकार ने बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैंकों द्वारा लगाए जाने विभिन्न शुल्क का उल्लेख करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया है।

खरगे ने खातों के न्यूनतम बैलेंस से जुड़े शुल्क, एटीम से पैसे की निकासी से संबंधित शुल्क, बैंक स्टेटमेंट संबंधी



शुल्क, ऋण लेने की प्रक्रिया से संबंधित शुल्क और कुछ अन्य शुल्कों का हवाला दिया।

कांग्रेस प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे बैंकों को दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। अब एटीएम से निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 और 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन शुल्कों से एकत्र की गई राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह परंपरा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि ''आरबीआई इस तरह के डेटा का रखरखाव नहीं करता है।''

खरगे ने आरोप लगाया, ''बेतहाशा महंगाई + बेलगाम लूट = भाजपा का जबरन वसूली मंत्र।''

## रामदास अठावले ने की बोधगया मंदिर अधिनियम को निरस्त करने की मांग

**पटना/एजेन्सी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठावले ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 के प्रावधानों में संशोधन किये जाने की मांग की ताकि केवल बौद्ध समुदाय के लोग ही महाबोधि विहार के प्रबंधन का हिस्सा बन सकें।



# युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना सरकार का लक्ष्य : रिजिजू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पीएम विकास योजना के तहत प्रारंभिक चरण में 31,600 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार के योग्य बनाना है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने राजधानी के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की है। यह योजना



केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर, उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में 100 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक योजना को मूर्त रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

| | |
|---|---|
| 30-03-2025 सूर्यास्त 6:20 बजे | 31-03-2025 सूर्योदय 6:05 बजे |
| BSE 77,414.92 (-191.51) | NSE 23,519.35 (-72.60) |
| सोना 9,244 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 110,000 रु. प्रति किलो |

# भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार के लिए बचाव दल और राहत सामग्री भेजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। म्यांमार में आए भीषण भूकंप से हुई मौत और तबाही के बीच भारत ने शनिवार को 15 टन राहत सामग्री पहुंचाई तथा आपातकालीन मिशन 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत बचाव दलों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से और आपूर्ति भेजी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है।



भारत ने म्यांमार के लिए अपने बचाव अभियान को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया है।

भारत द्वारा एक सैन्य परिवहन विमान से यांगून में 15 टन आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने के कुछ ही घंटों बाद, एक अन्य सैन्य विमान बचाव कर्मियों के एक समूह को लेकर म्यांमार की राजधानी नेपीता में उतरा।

अधिकारियों ने बताया कि भारत स्थानीय प्राधिकारों की मदद के लिए म्यांमार में बचाव कर्मियों को पहुंचाने वाला पहला देश बन गया है।

मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल से फोन पर बातचीत के बाद 'एक्स' पर लिखा, ''विनाशकारी भूकंप में लोगों की मौत होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत एक निकट मित्र और एक पड़ोसी के रूप में इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।'' मोदी ने कहा कि भारत 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, तलाश एवं बचाव दल भेज रहा है।

## म्यांमार में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,644 हुई

**बैंकॉक/एपी।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद मलबे से कई और शव बरामद हुए, जिसके साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,644 हो गई। सत्तारूढ़ सेना ने शनिवार को सरकारी टेलीविजन पर इसकी पुष्टि की। इससे कुछ घंटे पहले मृतकों की संख्या 1,002 बताई गई थी। शुक्रवार को आए इस भूकंप में घायल हुए लोगों की संख्या 3,408 है जबकि लापता लोगों की तादाद बढ़कर 139 हो गई है।

बर्मा के नाम से लोकप्रिय म्यांमार लंबे समय से चल रहे खूनी गृहयुद्ध की चपेट में है, और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। भूकंप के कारण म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्यों को चलाना भी काफी मुश्किल हो रहा है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से ज्यादा दूर नहीं था। भूकंप के कारण कई इलाकों में इमारतें ढह गईं और व्यापक क्षति हुई है। भूकंप शुक्रवार दोपहर को आया, जिसका केंद्र म्यांमार के मांडले शहर से ज्यादा दूर नहीं था, इसके बाद कई झटके महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 थी। भूकंप के कारण कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, पुल ढह गए तथा एक बांध टूट गया। राजधानी नेपीता में शनिवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कर्मचारी काम कर रहे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### शुभ नववर्ष

पुलकित हो प्राणों में प्रकाश,
श्वासों में प्रतिपल जगे हर्ष।
चैतन्य रहे मस्तिष्क सदा,
उन्मेषित हो सर्जन विमर्श।
हों फलीभूत सारे प्रयत्न,
गुणिजन से पाएं परामर्श।
कवि मण्डेला शुभ भाव भरे,
मंगलमय हो यह नया वर्ष।।

## तेज हवा से तापमान में गिरावट

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में तेज उत्तरी हवाओं के असर से अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से सात डिग्री और न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिण-पूर्वी भागों में 31 मार्च से तीन अप्रैल तक बादल छाए रहने और उदयपुर-कोटा संभाग में दो से तीन अप्रैल को कहीं-कहीं गरज के साथ छींटे तथा हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने बताया कि आगामी 24 घंटो में तापमान में तीन से चार डिग्री बढ़ने का पूर्वानुमान है और तीन अप्रैल को दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में तापमान 40 डिग्री तथा पांच-छह अप्रैल को 42 डिग्री से ऊपर पहुंचने का अनुमान है।

## 551 'सौगात ए मोदी' किट बांटी गईं

जयपुर/दक्षिण भारत। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से शुक्रवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की जेडीए कॉलोनी गोविंदपुरा में सौगात-ए-मोदी किट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें 551 किट बांटी गई। एक बयान के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजीत मांडन और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने 551 जरूरतमंद लोगों को सौगात-ए-मोदी किट बांटी। मेवाती ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सौगात-ए-मोदी अभियान के जरिए ईद पर 1 लाख 786 जरूरतमंदों तक पहुंचने की योजना बनाई है। मेवाती ने बताया कि किट में खाद्य सामग्री के अलावा कपड़े, सेवईं, खजूर, मेवे और चीनी शामिल होंगे एवं महिलाओं के लिए किट में सलवार-सूट का कपड़ा होगा।

## महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चन्द्रा निलंबित

जयपुर/दक्षिण भारत। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्रा को उनके पद से निलंबित कर दिया गया है। राजभवन के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को आदेश जारी कर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्रा को राज्य सरकार के परामर्श से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। राज्यपाल ने प्रो. चंद्रा के खिलाफ संभागीय आयुक्त भरतपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। संभागीय आयुक्त द्वारा प्रथम दृष्टया उनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाये गये। एक अन्य बयान के अनुसार बागड़े ने एक कार्यक्रम में हेल्थकेयर पायनियर्स ऑफ राजस्थान कॉफी बुक का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से महती कार्य करने वालों का अभिनंदन किया और कहा कि चिकित्सक मानवता की सेवा के लिए सेवा भाव रखते हुए कार्य करें। उन्होंने राज्य को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनाने का भी आह्वान किया।

## राजस्थान दिवस पर बागड़े ने दी बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजस्थान दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बागड़े ने शनिवार को राजस्थान दिवस पर जारी अपने संदेश में कहा है कि 'राजस्थान' नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान दिवस भारतीय तिथि से मनाए जाने की घोषणा की सराहना की। बागड़े ने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस हमारे स्वाभिमान, सद्भाव की संस्कृति को सहेजने का है। उन्होंने इस अवसर पर संकल्पित होकर राजस्थान के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।





# युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि युवा शक्ति का प्रदेश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अधिक से अधिक योगदान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ ही, सरकारी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर तेजी से काम कर रही है। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला एवं कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर मिल सकें।

शर्मा राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय राजस्थान दिवस महोत्सव हमारी मातृशक्ति, युवा शक्ति, अन्नदाता और अंत्योदय को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को रोजगार देने के साथ ही उनमें उद्यमिता का विकास कर उन्हें रोजगार देने योग्य भी बना रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा वर्ग को कई सौगातें देते हुए विभिन्न विभागों में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेशभर में 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। इसके साथ ही शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का भी शुभारंभ किया। इस दौरान अभियान से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन एवं विवरणिका का विमोचन किया गया। शर्मा ने शिक्षा विभाग के दो ऐप एवं आरएसओएस अन्तर्गत ऑन डिमाण्ड परीक्षा तथा डिजिटल प्रवेश उत्सव का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी की शुरूआत की। कार्यक्रम में युवा नीति एवं स्किल नीति का विमोचन, निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रूपये की सहायता हेतु योजना के दिशा-निर्देश, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन हेतु दिशा-निर्देश, अटल ज्ञान केन्द्र तथा नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के तहत आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश के युवाओं को हर कदम पर अन्याय और अत्याचार का सामना करना पड़ा। पेपरलीक के कारण उनके सपनों पर कुठाराघात हुआ। हमने सरकार बनते ही पेपरलीक की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जो पेपरलीक माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचा कर युवाओं को न्याय दिलवा रही है। शर्मा ने कहा कि आज कौशल नीति और युवा नीति का विमोचन किया गया है। कौशल नीति का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकों का कौशल प्रदान कर उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार करना है। वहीं, युवा नीति युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक रोडमैप है, जिसमें युवा विकास के सभी पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही साल में 16 नीतियां जारी की है, जो काम और परिणाम के प्रति हमारे समर्पण को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ने निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया, जिसमें 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ये निवेश प्रस्ताव तेजी से धरातल पर भी उतर रहे हैं और लोगों को रोजगार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय विकास में शिक्षा के महत्व को देखते हुए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' लागू की है। यह एक समावेशी और प्रेरक नीति है, जो शिक्षा और रोजगार में बड़ा बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति की भावना के अनुरूप ही राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में नए बी.टेक और एम.टेक कोर्स शुरू किए गए हैं, जो आज के बदलते दौर में इंडस्ट्री की मानव संसाधन की मांग पूरी करने में सहायक साबित होंगे। शर्मा ने कहा कि 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' से प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न जिलों में नव नियुक्त कार्मिकों के साथ संवाद कर उनकी हौसला अफजाई की। डूंगरपुर जिले में नियुक्त दृष्टि बाधित सहायक आचार्य संदीप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए नियुक्ति के तोहफे से उनके अंधेरे जीवन में खुशियों का उजाला लौट आया है। वहीं, दौसा जिले में महिला पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत कोमल शर्मा ने बताया कि बहुत कम समय में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से रोजगार के लिए उनका इन्तजार खत्म हुआ। दौसा जिले में ही फार्मासिस्ट पद पर नियुक्त मनमोहन सिंह ने कहा कि लम्बे समय से अटकी भर्ती को पूरा कर राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं को संबल दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान दिवस केवल इतिहास और परंपराओं का उत्सव नहीं है, बल्कि विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराने का अवसर है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान स्किल पॉलिसी, युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना और युवा नीति 2025 युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बिरला ने कहा कि कोटा में प्रस्तावित स्किल इंस्टीट्यूट आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बनेगा। एयरपोर्ट, एयरो सिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी और मेडिकल टूरिज्म हब के निर्माण से यहां औद्योगिक और शैक्षिक क्रांति का नया दौर शुरू होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान के नव निर्माण और आत्मनिर्भरता की दिशा में संकल्प लें। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाए जाने की विशेष पहल की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में परीक्षाओं में पेपरलीक की घटनाओं से युवा ठगा सा महसूस करते थे।



# परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही बनेगा भारत विश्व गुरु : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने विश्वविद्यालय में कुलपति को कुलगुरु कहना प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की पुनस्थापना की दिशा में एक कदम बताते हुए कहा है कि परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। बागड़े शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति परिपूर्ण थी। उन्होंने नई शिक्षा पद्धति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के विकास से जुड़ी है। इसमें वर्ष 2023 एवं 2024 के स्वर्ण पदकों का वितरण किया गया। साथ ही विद्या वाचस्पति उपाधि धारकों को भी उपाधियां वितरित हुईं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि महर्षि भारद्वाज के द्वारा वर्णित विमान विज्ञान के आधार पर 1895 में शिवकर बापूजी तलपे ने हमारे यहां विमान उड़ाया था। उन्होंने चिरंजिलाल वर्मा से संस्कृत ग्रंथों की शिक्षा ग्रहण की थी। इसके बाद ही 1903 में राइट बंधुओं ने विमान बनाया। इसी प्रकार गुरुत्वाकर्षण के बारे में न्यूटन से बहुत ही पहले कॉपरनिकस और उससे भी पहले भास्कराचार्य ने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत दिया था। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने आजादी के तत्काल पश्चात शिक्षा पद्धति में बदलाव की आवश्यकता बताई थी। लॉर्ड मैकाले ने भारत को गुलाम बनाने के लिए जो शिक्षा पद्धति चलाई वह अभी तक चल रही है। नई शिक्षा पद्धति भारत के समाज, नागरिक और संस्कृति के अनुसार है। नई शिक्षा नीति से निकले हुए विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को आगामी कुछ समय में ही परिणाम मिलने लगेंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार के पाठ्यक्रम तैयार होने चाहिए जिससे समाज में रोजगार का सृजन हो सके। ज्ञान की विभिन्न शाखाओं का अध्ययन कर युवा उद्यमी बनने चाहिए। इससे देश के विकास में उनका योगदान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य का निर्माण करने वाली हो। महर्षि दयानंद सरस्वती मानव मूल्यों के साक्षात उदाहरण रहे है। उन्होंने कहा कि देश के 400 कुलगुरुओं तथा 1000 से अधिक शिक्षाविदों ने दो वर्षों तक गहन चर्चा के उपरांत नई नीति को बनाया है। यह शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने में कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि अर्जित विद्या का व्यवहारिक उपयोग समाज हित में और राष्ट्रहित में किया जाना चाहिए। शिक्षा एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इसीलिए प्राध्यापकों और अध्यापकों को नई पुस्तकें पढ़ने के साथ ही नई विद्या भी प्राप्त करनी चाहिए। विद्यार्थी को भी पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें को भी पढ़ने में अपना समय देना चाहिए। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीक्षांत समारोह माता-पिता, परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों के स्मरण का दिन होता है। शिक्षा जीवन पर्यंत चलने वाली एक प्रक्रिया है। आज के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में हमें विश्व के साथ चलना होगा। बढ़ती तकनीक में आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने समाज को बहुत प्रभावित किया है।

## राजस्थान की भाजपा सरकार गुजरात मॉडल को मानती है फेल : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विकास के क्रम में उल्टी दिशा में चलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह गुजरात मॉडल को पूरी तरह फेल मानती है इसलिए यहां सुनियोजित शहरी विकास के लिए जनसंख्या के अनुपात में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान बनाए गए नगर निगमों, नगर पालिकाओं की संख्या को घटाया जा रहा है। गहलोत ने शनिवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष जनवरी में गुजरात सरकार ने वहां नगर निगमों की संख्या बढ़ाते हुए नौ नए नगर निगम बनाए जिसकी वजह शहरी विकास को तेज करना बताया गया। उन्होंने कहा कि गुजरात मॉडल को भाजपा सरकारें आदर्श मानती हैं परन्तु राजस्थान की भाजपा सरकार इस गुजरात मॉडल को पूरी तरह फेल मानती है इसलिए यहां सुनियोजित शहरी विकास के लिए जनसंख्या के अनुपात में हमारी सरकार के दौरान बनाए गए नगर निगमों, नगर पालिकाओं की संख्या को घटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा देश में संभवत: पहला उदाहरण होगा जिसमें विकास के क्रम में सरकार उल्टी दिशा में चल रही है।

इसके अलावा गहलोत ने जयपुर के प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को तोड़े जाने की घटना को अत्यंत निंदनीय बताया और कहा कि जन-भावनाओं और आस्था के साथ इस तरह का खिलवाड़ अस्वीकार्य है। सरकार से मांग है कि इस मामले के दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी और पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया राजस्थान उत्सव का अवलोकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/ नई दिल्ली । उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रहे राजस्थान उत्सव 2025 का अवलोकन किया। राज्य की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओम प्रकाश तथा संयुक्त आवासीय आयुक्त रिंकू मीना ने उप मुख्यमंत्री को उत्सव का अवलोकन करवाते हुए विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप आवासीय आयुक्त मनोज सिंह सहित बीकानेर हाउस स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। दीया कुमारी ने उत्सव में राजीविका द्वारा लगाए गए क्राफ्ट मेले और फूड फेस्टिवल का भ्रमण करते हुए प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए काश्तकारों, हस्तकारों और हस्तशिल्पियों इत्यादि के स्टॉल्स पर जाकर उनके उत्पादों के बनाने की विधि एवं अन्य जानकारियां ली। उन्होंने सभी हस्तकलाकारों से उनके अनुभवों और उत्पादों की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल तक चलने वाले इस नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव में उपस्थित आगंतुकों को उपमुख्यमंत्री ने हिन्दी नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने बीकानेर हाउस स्थित पर्यटक स्वागत केन्द्र का भी अवलोकन किया। पर्यटन विभाग की उप निदेशक दीपाली शर्मा, सहायक निदेशक छतरपाल यादव और पर्यटन अधिकारी मनोज शर्मा ने उपमुख्यमंत्री को गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया।



## नवनियुक्त कार्मिक पूर्ण समर्पण भाव से संकल्पबद्ध होकर राष्ट्र के सशक्तीकरण में भागीदार बनें : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जिला प्रभारी तथा उद्योग-वाणिज्य, युवा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने नवनियुक्त सरकारी कार्मिकों से देश-प्रदेश की मजबूती में योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सरकारी सेवा में पूर्ण समर्पण भाव के साथ संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शनिवार को दौसा ङ्गजिले के जिला परिषद सभागार में 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर आमजन की सेवा करें और देश-प्रदेश को आगे बढ़ाने में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि एक-एक व्यक्ति के मजबूत होने से ही देश सशक्त होगा और उसमें राजकीय कार्मिकों की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक हर व्यक्ति की मदद कर उसके जीवन की कठिनाइयों को कम करने का कार्य करें। जहां पर भी पदस्थापित रहें, वहां की जनता की बखूबी सेवा करें।

प्रभारी मंत्री ने दौसा जिले में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार जिले के विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 28 मार्च को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की तेजी से क्रियान्विति की जा रही है।

# तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के विरोध में प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। राजस्थान के जयपुर में टोंक रोड पर स्थित तेजाजी मंदिर में मूर्ति को कथित तौर पर क्षतिग्रस्त किये जाने से नाराज भक्तों और स्थानीय लोगों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक टोंक रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और रास्ता खुलवाया। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर स्थित तेजाजी मंदिर के चबूतरे पर भगवान की मूर्ति शनिवार को क्षतिग्रस्त मिली, जिसके बाद स्थानीय लोग एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने भी घटना की निंदा की और कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया हालांकि, गुस्साए लोगों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विहिप के प्रवक्ता अमितोष पारीक ने कहा कि बदमाशों ने कल (शुक्रवार) रात मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे लोगों में गुस्सा है। उन्होंने आरोपियों को पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना अत्यंत निंदनीय है।

उन्होंने कहा, यह सिर्फ मूर्ति नहीं, यह हमारी आस्था और विरासत पर हमला है। यह जन-आस्था के साथ खिलवाड़ है और आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जूली ने कहा कि सरकार इस पर तुरंत संज्ञान लेकर दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करे और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से धार्मिक भावनाओं और आस्था को ठेस पहुंचाना अस्वीकार्य है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, जयपुर के प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को तोड़े जाने की घटना अत्यंत निंदनीय है। जन-भावनाओं और आस्था के साथ इस तरह का खिलवाड़ अस्वीकार्य है। गहलोत ने कहा कि सरकार से मांग है कि इस मामले के दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी और पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# प्रभावी जागरूकता से एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) कानून के तहत दर्ज मामलों में कमी आई : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को कहा कि प्रभावी जागरूकता अभियान और सक्रिय उपायों के कारण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष छह फीसदी की कमी आई है। स्टालिन ने दावा किया कि हिंसा की आशंका वाले क्षेत्रों की संख्या 2021 में 445 से 19 फीसदी घटकर 2024 में 368 रह गई है।

यहां राज्य सचिवालय में अपनी अध्यक्षता में गठित आदि द्रविड़ और आदिवासी कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में 2021 में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सत्ता में आने के तुरंत बाद समिति का गठन किया गया और तीन बैठकें हुईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वर्ष 2022 में हिंसा पीड़ितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि को 8 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया और पिछले चार वर्षों में हिंसा पीड़ित परिवारों के 421 लोगों को नौकरी तथा 649 लोगों को पेंशन दी गई है। उन्होंने कहा कि मुआवजे के रूप में 17,098 लोगों को लगभग 207.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

स्टालिन ने कहा कि इस साल एक नयी पहल के तहत अत्याचारों की शिकायत करने, मामला दर्ज कराने में मदद करने, मामलों की वर्तमान स्थिति जानने, समाधान प्रदान करने और कानूनी सहायता देने के लिए एक सहायता केंद्र शुरू किया गया और यह अच्छी तरह से काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 2011 की जनगणना के अनुसार, तमिलनाडु में लोगों की साक्षरता दर 80.09 प्रतिशत है, जबकि आदि द्रविड़ और आदिवासियों की साक्षरता दर 73.26 फीसदी है। उन्होंने कहा कि आदि द्रविड़ और आदिवासियों को शिक्षा प्रदान करने तथा उनमें कौशल विकास करने के लिए किए गए प्रयासों से रोजगार हासिल करने की उनकी क्षमता में इजाफा हुआ है।

स्टालिन ने कहा कि सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए 117.27 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 120 ग्राम ज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने समुदाय की सामाजिक-आर्थिक समृद्धि में सुधार के लिए राज्य सरकार की ओर से उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की जानकारी भी दी। स्टालिन ने कहा, बुनियादी आय सृजन गतिविधियों के जरिये महिलाओं की आजीविका में सुधार के लिए टीएएचडीसीओ के माध्यम से दी जाने वाली सब्सिडी को 2023 से ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर छह लाख रुपये कर दिया गया है और इस वर्ष 140 लाभार्थियों को 8.25 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है।

## भाजपा को गांधी और उनके नाम पर मनरेगा पसंद नहीं है : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शनिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने के बीच मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा मजदूरों की दुर्दशा को लेकर बेपरवाह होने का आरोप लगाया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के श्रमिकों को दिया जाने वाला वेतन जारी न करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए स्टालिन ने कहा कि उन्हें (भाजपा) महात्मा गांधी और उनके (महात्मा गांधी के) नाम पर 100 दिन के काम की गारंटी देने वाली योजना पसंद नहीं है। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूछा, निर्दयी भाजपा ने संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (संप्रग) की सरकार द्वारा भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवनदायिनी के रूप में विकसित मनरेगा को नष्ट करने का लक्ष्य रखा है। जब एक हस्ताक्षर से कॉरपोरेट्स के लिए लाखों करोड़ रुपये माफ कर दिए जाते हैं, तो चिलचिलाती धूप में पसीना बहाने वाले गरीबों को वेतन के रूप में कोई पैसा क्यों नहीं दिया जाता? गरीबों लिए पैसा नहीं है या फिर गरीबों के लिए उनके दिल में कोई जगह नहीं है। तमिलनाडु में आज के विरोध प्रदर्शन के माध्यम से द्रमुक सदस्यों और गरीब लोगों की आवाज नयी दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए। भाजपा सरकार से मनरेगा मजदूरों के लिए बकाया 4,034 करोड़ रुपये तुरंत जारी करने की मांग करते हुए द्रमुक कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।



## खादी ग्रामोद्योग के मेगा वितरण कार्यक्रम लाखों खादी कारीगर लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार ने अपने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वर्चुअल माध्यम से सबसे बड़ा और सबसे व्यापक 'मेगा वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रामोद्योग विकास योजना, खादी विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 5 लाख से अधिक खादी कारीगरों, उद्यमियों और लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देश भर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में वर्चुअल मोड के माध्यम से केवीआईसी के उत्तर क्षेत्र के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव (एआरआई) विपुल गोयल, आर्थिक सलाहकार (एमएसएमई) सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय, केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ देश भर के क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए विले पार्ले स्थित मुख्यालय में 'मेगा डिस्ट्रीब्यूशन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तरी जोन, दक्षिणी जोन, मध्य जोन एवं पूर्वोत्तर जोन) के राज्य एवं मंडल कार्यालयों से जुड़े लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीनें एवं टूलकिट वितरित किए गए। इसके साथ ही खादी विकास योजना के अंतर्गत 44 पुनर्निर्मित खादी भवनों एवं 750 खादी कार्यशालाओं का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर की 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गई, जिससे 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही केवीआईसी के अध्यक्ष ने ऑनलाइन माध्यम से 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी उद्घाटन किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपये का मार्जिन वितरित किया गया, जिससे 64,73,50 नौकरियां पैदा हुईं।

### पलानीस्वामी ने द्रमुक से पूछा

## क्या नीट की वजह से होने वाली मौतें उसकी अंतरात्मा को नहीं झकझोरतीं



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने शनिवार को सत्तारूढ़ द्रमुक से पूछा कि क्या तमिलनाडु में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के कारण होने वाली मौतें उसकी अंतरात्मा को नहीं झकझोरती हैं और आरोप लगाया कि द्रमुक नेताओं के हाथ कई नीट अभ्यर्थियों के खून से सने हैं। चिकित्सा की पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाली एक छात्रा की यहां हुई मौत पर दुख व्यक्त करते हुए विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने नीट लागू करने के लिए द्रमुक को जिम्मेदार ठहराया, क्योंकि यह 2004 से 2013 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाले संप्रग का घटक था। चेन्नई की रहने वाली लड़की ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, क्योंकि वह इस परीक्षा से डर गई थी।

पलानीस्वामी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में तमिलनाडु के छात्रों के मेडिकल की पढ़ाई करने के सपनों को चकनाचूर करने की नींव रखने के लिए द्रमुक की आलोचना करते हुए पूछा: द्रमुक, जिसने यह झूठ फैलाकर (लोगों को) धोखा दिया कि अगर वह राज्य में सत्ता में आई, तो तमिलनाडु में नीट परीक्षा नहीं होगी; नीट के कारण लगातार हो रही मौतें क्या उसकी अंतरात्मा को नहीं झकझोरती हैं? इसके अलावा अन्नाद्रमुक प्रमुख (पूर्व मुख्यमंत्री) ने 19 छात्रों का नाम लिया और आरोप लगाया कि नीट को लेकर डर की वजह से सितंबर 2021 से मार्च 2025 के बीच उन्होंने आत्महत्या कर ली। द्रमुक ने सात मई 2021 को सत्ता संभाली थी।

पलानीस्वामी ने पूछा, 19 छात्रों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के पास क्या जवाब है? अन्नाद्रमुक प्रमुख ने आरोप लगाया कि द्रमुक नेताओं के हाथ कई नीट अभ्यर्थियों के खून से सने हैं।

साल 2026 के विधानसभा चुनावों में मुकाबला तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) और द्रमुक के बीच होने संबंधी अभिनेता से नेता बने विजय के बयान के बारे में पूछे जाने पर पलानीस्वामी ने कहा, यह उनकी राय है। सभी पार्टी के नेता ऐसी बातें कहते हैं; इसका उद्देश्य पार्टी का विकास करना और पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 तक हो सकते हैं।

### शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के अडयार में ऑटोमोबाइल और संगीत/ऑडियो की दिग्गज कंपनी यामाहा, जो दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक है, ने अपना दूसरा स्टोर खोला है। यामाहा म्यूज़िक स्क्वायर पहले ही भारत भर में कुल 26 स्टोरों तक विस्तारित हो चुका है; यह इसका दूसरा स्टोर होगा। चेन्नई राज्य में इसकी संख्या 27 हो गई है, जिससे इस पहल में व्यापक पहुंच के साथ योगदान मिला है। यह कदम यामाहा को राज्य के सभी उभरते संगीतकारों के लिए स्टूडियो सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य के करीब ले आता है। इसका उद्घाटन म्यूसी म्यूजिकल के सीईओ किशोरदास, पियानोवादक,संगीतकार और संगीत शिक्षक अनिल श्रीनिवासन ने की।

## भारतीय नौसेना के आईओएस सागर मिशन के तहत मित्र देशों के 44 कार्मिक ले रहें प्रशिक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** भारतीय नौसेना के हिंद महासागर पोत (आईओएस) सागर मिशन के तहत नौ मित्र देशों (एफएफसी) के 44 कार्मिकों प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण ले रहे विदेशी कार्मिकों ने कहा कि उन्हें महसूस हो रहा है कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक मजबूत सुरक्षा साझेदार से उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है।

कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया के प्रतिभागी पिछले चार दिनों से कोच्चि के विभिन्न नौसेना पेशेवर संस्थानों से प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें समुद्र में सत्र भी शामिल हैं। आईओएस सागर पहल हिंद महासागर क्षेत्र देशों के साथ चल रहे सहयोग को मजबूत करती है। केन्या की नौसेना में मेजर ओ ओलांग ने बताया, हमें सर्वोत्तम प्रशिक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोच्चि उन्हें घर जैसा लगता है, क्योंकि यह कई मायनों में केन्या के बंदरगाह शहर मोम्बासा से मिलता जुलता है। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना के जहाजों पर काम करना एक शानदार अनुभव है, जो हमारे जहाजों से काफी बड़े हैं। ओलांग ने इससे पहले मुंबई में भारतीय नौसेना में प्रशिक्षण लिया था। इस मिशन में हिस्सा लेने वाले छह सदस्यीय केन्याई प्रतिनिधिमंडल में दो अधिकारी और चार नौसैनिक शामिल हैं। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे भारत अफ्रीकी देशों के साथ अपने नौसैनिक सहयोग का विस्तार कर रहा है, अफ्रीका-भारत-प्रमुख समुद्री सहभागिता (एआईकेईवाईएमई) व आईओएस सागर एक गहरी और स्थायी सुरक्षा साझेदारी के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकते हैं।

## वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सुनिश्चित करेगा यूडीएफ : प्रियंका गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को आश्वासन दिया कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सुनिश्चित करेगा कि वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित सभी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सकें। यहां कलपेट्टा के मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्रों में आई आपदा से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए आयोजित उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि कई बच्चों ने अपने पूरे परिवार को खो दिया है।

उन्होंने कहा, ऐसी परिस्थितियों में, हम सभी इस बात को लेकर बहुत चिंतित थे कि वे अपनी शिक्षा कैसे जारी रखेंगे। यूडीएफ में हम लोगों ने यह निर्णय लिया है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखें।'' कांग्रेस सांसद ने प्रभावित विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने में विभिन्न संस्थाओं की पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि वायनाड के 121 छात्र वर्तमान में एनआईसीएचई (कन्याकुमारी) में अध्ययन कर रहे हैं। मैं छात्रवृत्ति के लिए एनआईसीएचई (कन्याकुमारी) के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिसमें पूर्ण छात्रवृत्ति, छात्रावास और मेस शुल्क माफी शामिल है। मैं वायनाड के चार छात्रों को वित्तपोषित करने के लिए कर्नाटक के येनेपोया विश्वविद्यालय की भी सराहना करती हूं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब वह भूस्खलन के बाद यहां आईं तो उन्होंने लोगों की पीड़ा और कष्ट देखा। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में यहां के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, हम केवल बाहर से कल्पना कर सकते हैं और समझ सकते हैं, लेकिन यह आप ही हैं जिन्होंने वास्तव में कष्ट झेले हैं और अपने प्रियजनों के बिना रह रहे हैं। हम आपको वह वापस नहीं दे सकते जो आपने खोया है, लेकिन हम जो कर सकते हैं वह यह है कि भविष्य में आपके लिए जीवन को आसान बना सकते हैं।

प्रियंका ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में, सभी ने चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल या विचारधारा के हों, वायनाड के लोगों की बेहतरी के लिए प्रयास किए हैं।

उन्होंने कहा, ''देश भर के लोगों ने आपकी मदद की और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने यहां वायनाड में जो कुछ देखा, वह आपकी भावना, शक्ति, बहादुरी और साहस है, बावजूद इसके कि आपने बहुत कुछ सहा है।'' कांग्रेस नेता ने शैक्षिक पुनर्वास पर केंद्रित एक समर्पित कार्यालय स्थापित करने के लिए कलपेट्टा विधायक टी सिद्दीकी की भी सराहना की। उन्होंने कहा, एमएलए केयर्स परियोजना के तहत, वह (सिद्दीकी) न केवल छात्रों के लिए धन जुटाते हैं, बल्कि उनके लिए शुल्क छूट प्रदान करने के वास्ते कॉलेजों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत भी करते हैं।

### शनि पूजन



बेंगलूरु के महालक्ष्मीपुरम में पतंजलि योग शिक्षण संस्थान, गायत्री सेवा प्रतिष्ठान और महालक्ष्मी एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा रानी अब्बक्का खेल मैदान (कमलम्मा गुंडी इस्कॉन के पास) में शनिश्चरा दोष के निवारण और लोगों के कल्याण के लिए विशेष उगादि अमावस्या के दिन एक लाख एलु बत्ती दीपोत्सव और होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक के. गोपालैया और कार्यकर्ताओं ने किया। क्षेत्र के एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया और होम कुंड में तिल का तेल अर्पित कर भगवान की कृपा प्राप्त की।

## दपरे द्वारा देवंगोंथी को विशेष कंटेनर रेल टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के बेंगलूरु डिवीजन ने रेल परिवहन को बढ़ाने और घरेलू कंटेनर यातायात का समर्थन करने के लिए 28 मार्च से देवंगोंथी टर्मिनल को आधिकारिक तौर पर एक विशेष कंटेनर रेल टर्मिनल के रूप में लॉन्च किया है। इस विकास का उद्देश्य कंटेनर लॉजिस्टिक्स को सरल बनाना और बेंगलूरु क्षेत्र और उससे आगे के व्यवसायों के लिए अधिक कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करना है। नव विकसित देवंगोंथी एक्सक्लूसिव कंटेनर रेल टर्मिनल आयात और निर्यात दोनों कार्यों को बढ़ावा देगा, जिससे व्यवसायों को माल के तेज और लागत प्रभावी परिवहन से लाभ मिल सकेगा। टर्मिनल पर कंटेनर भंडारण शुल्क प्रति दिन 35 रुपये प्रति टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट कंटेनर यूनिट) पर प्रतिस्पर्धी रूप से निर्धारित किया गया है, जिसमें कोई घाट शुल्क (माल/खेप के लिए लगाया जाने वाला शुल्क जो हटाने के लिए आवंटित खाली समय से परे रेलवे परिसर में रहता है) या ग्राउंड उपयोग नहीं है। टर्मिनल का एक्सेस शुल्क प्रति ट्रेन 80,000 रुपये है, जो इसे विश्वसनीय और किफायती परिवहन समाधान चाहने वाले ऑपरेटरों के लिए एक किफायती विकल्प बनाता है। इस टर्मिनल के विकास का उद्देश्य बंदरगाहों से बेंगलूरु और देश भर में लंबी दूरी के घरेलू गंतव्यों तक माल के परिवहन को और अधिक कुशल बनाना है। आयातक अब विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों से माल को बेंगलूरु ले जा सकते हैं, जबकि निर्यातक इस सुविधा का उपयोग माल को कुशलतापूर्वक विदेशों में ले जाने के लिए कर सकते हैं। यह पहल न केवल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का समर्थन करेगी बल्कि घरेलू रसद जरूरतों को भी पूरा करेगी। सुविधाजनक रूप से स्थित, देवंगोंथी होसकोटे, मालुर और व्हाइटफील्ड जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में परिवहन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के लिए टर्मिनल की निकटता इन क्षेत्रों में व्यवसायों को रेल के माध्यम से माल ले जाने के लिए परिवहन सेवाओं तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाएगी। जोशी कोनोइक ट्रांसपोर्ट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, प्रिस्टीन मेगा लॉजिस्टिक्स पार्क प्राइवेट लिमिटेड और डीपी वर्ल्ड जैसी लॉजिस्टिक्स कंपनियां अपने लॉजिस्टिक्स संचालन को बेहतर बनाने के लिए इस सुविधा का उपयोग कर रही हैं। यह विकास कंटेनर परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और व्यवसायों के लिए रसद को अधिक सुलभ बनाने के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो बेंगलूरु क्षेत्र और पूरे देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देता है।

## करदाताओं के सार्वजनिक अवकाश पर भी कार्य करेंगे वाणिज्यिक कर विभाग

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यद्यपि वित्तीय वर्ष 2024-25 के समापन दिवस हैं। 30 मार्च को उगादी एवं 31 मार्च को रमजान की सार्वजनिक छुट्टियां हैं। किन्तु करदाताओं की सुविधा हेतु इन दिनों वाणिज्यिक कर विभाग के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। वाणिज्यिक कर आयुक्त विपुल बंसल ने एक बयान में कहा कि करदाता करों का भुगतान करने के लिए इस अवसर का उपयोग कर सकते हैं।

## सुविचार

**हमारे अस्तित्व का वह पक्ष जिसकी दिशा अनंत की ओर है, जो धन नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और आनंद चाहता है।**

## ट्वीट

जयपुर के प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को तोड़े जाने की घटना अत्यंत निंदनीय है। जन-भावनाओं और आस्था के साथ इस तरह का खिलवाड़ अस्वीकार्य है। सरकार से मांग है कि इस मामले के दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

-अशोक गहलोत



राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अवसर पर आज कोटा में माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में सहभागिता कर उपस्थित जनों को संबोधित किया।

-भजनलाल शर्मा



## कहानी

# गिफ्ट

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
मोबाइल : 7379100261

कुछ चीजें हमें राह चलते मिल जाती हैं, एकदम गॉड गिफ्टेड ! जैसे मेरी यह कहानी...। मामला कुछ यूं है...

मेरे एक बीमा पालिसी सरेंडर का मामला था। इसके निस्तारण के लिए मैं ऑफिस के कई चक्कर लगा चुका था, किन्तु हुआ कुछ नहीं था। आकस्मात बीमा एजेन्ट मित्र श्याम नारायण जी से मुलाकात हो गई। मेरा प्रकरण जानने के बाद उन्होंने सुझाव दिया-'चलिए आज मैनेजर से मिल लेते हैं।' 'मगर श्यामजी आज तो शनिवार है। ऑफिस बन्द होगा।'-मैं ने शंका व्यक्त की। मार्च का महीना है, इसमें बाजदफा संडे की बन्दी भी नहीं होती।'-कहते हुए वह मुझे बीमा दफ्तर ले आए। मैनेजर साहब अपनी चेयर पर थे। श्यामजी ने मेरा लम्बित प्रकरण उनके संज्ञान में ला दिया था। साहब ने तत्काल फ़ाइल तलब की और सरसरी तौर पर देखने के बाद मेरा बैंक डिटेल लेकर बड़े अनौपचारिक ढंग से आश्वस्त किया था-विलम्ब के लिए खेद है। दो-तीन दिन में पैसा आप के खाते में चला जाएगा।

श्याम नारायण को दफ्तर में काफी देर लगनी थी। लिहाजा मैं अकेले ही दफ्तर की सीढ़ियों से नीचे आ रहा था... जाहिर सी बात है, मेरा मन खुशियों से भरा था और चाल में उत्साह थी। तभी मेरी निगाह उस लकदक और सजे हुए 'प्रोविजन एण्ड गिफ्ट स्टोर' के काउंटर के पीछे बैठे क्लीन शेव्ड व्यक्ति पर पड़ गयी...उसका रंग साफ था और बाल कुछ कत्थई से लाल...लगता था, वह बालों में बराबर मेहंदी लगाता था। काउंटर के ऊपर निकला उसका धड़ एक अच्छी लम्बाई वाले आदमी की शिनाख्त दे रहा था। मुझे लग रहा था, मैं उसे अच्छी तरह जानता हूँ। किन्तु कन्सेप्ट नहीं क्लियर हो रहा था कि सफेद शर्ट पहने, चमकीली आँखों वाला इकहरे बदन का यह हीरो है कौन...?

नीचे आने के बाद मैं एक किनारे खड़ा हो गया...प्रोविजन स्टोर के दूकानदार को पहचानने के लिहाज से मैं तीसरी बार उस पर दृष्टिपात कर रहा था, तभी उसकी निगाह मेरे ऊपर पड़ गई। वह खुलकर मुस्कराया...और उसके ऊपरी दांतों की पंक्ति के दाहिनी तरफ के तीसरे टूटे दांत ने स्मृति की धुंध को एकबारगी साफ कर दिया...वह अजित खन्ना था, मेरे सहपाठी सुमित का छोटा भाई ! सुमित के साथ मैं अक्सर उसके यहाँ जाता था...मैं भी मुस्कराता हुआ काउंटर के सामने पहुँचा और बेसाख्ता बोलता चल गया-'अजित, तुम्हारी चौक वाली दुकान का क्या हुआ ? बाबूजी के बाद तुम देखने लगे थे। मैं उधर से गुजरने पर बराबर नजर डालता, यहाँ कब आ गए ?' 'प्रणाम भैया, बैठें तो सही...'-उसने काउंटर का एक किनारा उठाकर मुझे अन्दर आने का इशारा किया। मैं काउंटर के पीछे एक स्टूल पर बैठ गया। उसने पैर छूकर दोबारा अभिवादन किया और कहा-'भैया,वह दुकान किराये की थी। उस पर मुकदमा था। फैसला मकान मालिक के पक्ष में आ गया तो छोड़ना पड़ा।'

वह बात की शुरुआत कर रहा था, तभी दुकान के सामने एक फॉर्च्यूनर रुकी। पीछे से निकलकर सफेद ड्रेस और लाल पगड़ी वाले अर्दली ने कार के बीच और आगे का गेट खटा-खट खोल दिया। बीच वाले चम्बर से दो लोग निकले, करीब पैंतीस साल का रोबीला हैंडसम पुरुष और तीस-बत्तीस साल की भरी-पुरी खूबसूरत औरत...साथ में एक चार-पाँच साल का सुदर्शन बालक भी था, जो काफी सुस्त और अपने आप में खोया हुआ सा लग रहा था। यह स्टोर की तरफ बढ़ने लगे, तभी ड्राइवर की बगल वाली शीट से बाहर आ, सत्ताईस-अट्ठाईस साल का गोरा-चिट्टा लम्बा छरहरा युवक भी उनके पीछे लग गया। संभवतः यह ट्रेनी ऑफिसर रहा होगा।

अजित कुछ अधिक चैतन्य भाव से उन्हें देखने लगा। काउंटर के सामने आते ही बड़े साहब ने बच्चे के लिए कुछ अच्छे खिलौने दिखाने को कहा था। अजित ने रंग-बिरंगे पन्नों वाला एक ब्रोशर उनके सामने कर दिया-'सर, इसमें से सिलेक्ट करें। वैसे एक आइटम यह है-टाकिंग पैरेट ! इसे जरूर लें। इसके सामने बच्चे जो बोलते हैं, यह उसे दोहरा देता है ..।'

'ठीक है, इसे पैक कर दो..।'-ब्रोशर के पन्ने पलटते हुए वह बोले-'अभी यह पाँच साल का होने वाला है, इसके लिए कुछ क्रिएटिव खिलौने होने चाहिए, जैसे यह मैकेनिक्स'...!'

'जी सर...!'-कहकर अजित ने 'मैकेनिक्स' तो निकाला ही, 'ब्लॉक गेम' का डिब्बा निकालकर इससे जुड़े खेलों से बच्चों की रचनात्मकता और कल्पना की उड़ान पर प्रकाश डालने लगा। यह गेम भी ओके हो गया। तभी ब्रोशर में छपी कार्बाइन और एके-47 पर बच्चे की निगाह पड़ गई। उसने उत्साहित होकर कहा-'पापा, यह दोनों भी...!'

बच्चे की चैतन्यता पर महिला मुस्कराई, दूसरा नौजवान भी उसे सराहना भरी निगाह से देखने लगा। किन्तु साहब जो पहले से ही गम्भीर थे, उनके चेहरे पर एकबारगी उलझन के भाव आ गए। वह पत्नी और साथी युवक पर निगाह डालते हुए कुछ कड़वाहट के साथ बोले-'क्या यह खेलने की चीज है ? खिलौना उसे कहते हैं, जो बच्चे को अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया रचने के लिए प्रेरित करे। उसके अन्दर सकारात्मक मनोवृत्ति के निर्माण में सहायक हो। यह तो खतरनाक हथियार हैं, विध्वंश के समान...यह कैसे खिलौने...?'

मगर सर, आज की तारीख में गन बच्चों का सबसे प्रिय खिलौना है।'-नवयुवक ऑफिसर ने बच्चे की पसन्द का समर्थन किया।

बच्चे की माँ ने उलाहना सा देते हुए कहा-'मुझे अक्सर सुनने को मिलता है कि दीपू बहुत सुस्त है। अपने आप में खोया रहता है। अभी वह कितनी ललक के साथ अपनी पसन्द बताया, लेकिन नुक्स निकल गया। मैं तो कहती हूँ, जो खिलौना बच्चे को उत्साहित करे और सक्रिय बनाए, वही सच्चा खिलौना है...।'

दो-तीन सेकंड के लिए रुककर मैडम ने कुछ तीखी नजर से पति को देखते हुए बात आगे बढ़ाई-'बच्चों को भी कुछ स्पेस मिलना चाहिए, जब वह बचपन की उमंग के हिसाब से कुछ कर सकें। खेल-खिलौनों में भी पढ़ाई घुसेड़ देना ठीक नहीं...!'

बालक आशा भरी निगाह से माँ और अंकल को देख रहा था। मुझे साहब की बात में दम दिख रहा था, किन्तु मैडम का कहना भी तर्कपूर्ण था। साहब के चेहरे पर झुंझलाहट थी। उन्होंने कुछ सख्त लहजे में अपना निर्णय सुनाया-'बात पढ़ाई की नहीं है, खिलौने मानस का निर्माण करते हैं। बंदूक देकर हम बच्चे की मासूमियत का खून करते हैं। गन से खेलने वाले बच्चे का मानस हिंसक बनेगा। उसकी भाषा धौंसपूर्ण होगी और व्यवहार आक्रामक...! खेलने के लिए कार्बाइन देकर हम अपनी संतान को मवाली बनने का प्रशिक्षण देते हैं। आइ एम नाट एलाउड टु डू दैट...!'

उनके अंग्रेजी बोलने का मतलब था-बस, अब कोई गुंजाइश नहीं ! पत्नी और युवक उनका मुंह देखते रह गए। बच्चा निराश होकर और आत्मलीन हो गया था। साहब पूरे सिलसिले से बेखबर, अपनी जेब से समान की लिस्ट निकाले और उसे अजित को देते हुए बोले-'इसे निकालकर रखें, आधे घंटे में लौटता हूँ।'

अजित एक-एक समान निकालकर काउंटर पर रखता जा रहा था, साथ ही ढेरों पुरानी बातें भी बता रहा था। जैसे कि चौकवाली दुकान का मुकदमा हारने के बाद वह लखनऊ में फूफाजी के रियल स्टेट के धंधे में लग गया था। बीस साल उधर लगा के कोरोना के टाइम यहाँ आ गया। सुमित ब्रिगेडियर होकर दो साल पहले रिटायर हुए और अब जयपुर में सैटिल हो गए हैं...मैं सुन जरूर रहा था, लेकिन ध्यान साहब की सोच पर टिका था...एक अधिकारी आदमी, ढेर सारी जिम्मेदारियाँ और व्यस्तताएं....फिर भी खिलौने जैसी छोटी चीज को लेकर इतना गहरा और सटीक चिन्तन....? कैसे-कैसे और कितने समझदार लोग हैं दुनिया में अभी ! जबकि कहा जा रहा है, दुनिया बिना सोचे-समझे सरपट भागने की आदी हो चुकी है...। यह अर्द्ध सत्य भले हो, पूरा सच नहीं हो सकता....।

मैं दुकान से निकलने की सोच रहा था, तभी अजित ने चाय वाले से चाय के लिए बोल दिया। फिर उसने सामानों का बिल बनाया और सब कुछ एक मजबूत पॉलीबैग में रख दिया। इसके बाद वह कुर्सी पर बैठ गया, मुस्कराते हुए मुझ से मुखातिब हुआ-'भैया देखे, कैसे-कैसे खब्ती मिलते हैं?'

उसकी सतही समझ पर मैं ने हल्का सा मुस्करा दिया था, जिसे उसने अपना समर्थन ही समझा होगा। इसी समय काउंटर पर चाय पहुँच गई। हम इत्मीनान से चाय सिप करने लगे। फॉर्च्यूनर फिर आ खड़ी हुई। इस बार साहब, मैडम और बच्चा नहीं थे। अर्दली ने बीच वाला गेट खोला तो युवक बाहर आया। उसने बिल का ऑनलाइन पेमेंट कर दिया और पॉलीबैग अर्दली के हवाले करते हुए कहा-'पहले यह सर के यहाँ पहुंचा दो। मैं अपना कुछ काम निपटा के लालडिग्गी चौराहे पर मिलता हूँ। लौट के वहीं मेरा इन्तजार करना...।'

गाड़ी आगे बढ़ गई। युवक स्टोर की तरफ बढ़ने लगा। अजित ने एक बड़े सिप के साथ चाय समाप्त की और गिलास अन्दर कार्नर की खाली जगह पर रख दिया। वह काउंटर पर आकार एक ड्रोन सेट पैक कराया और उस पर जन्मदिन की ढेर सारी मंगलकामनाएं' का चमकदार टैग लगवा के नीचे नाम के स्थान पर अनुपम सिंह पी.सी.एस.' इटैलिक अक्षर में लगाने को कहा। अजित के पास अल्फाबेट शीट थी, उसने तत्काल यह काम कर दिया।

'अब कार्बाइन और ए के-47 दिखाओ।'-अनुपम सिंह ने कुछ सोच-विचार वाले लहजे में आदेश दिया।

मैं कुछ अचकचा के युवक की तरफ देखने लगा। अजित ने दोनों तरफ के खिलौना हथियार काउंटर पर रख दिए। उसने असली जैसी ठाँय...ठाँय...की गरजदार आवाज के साथ धुआँ और चिंगारी फेंकने वाली कार्बाइन पसन्द कर ली। उसे पैक करते हुए अजित ने कहा-'आखिर सर बच्चे को उसकी पसन्द का खिलौना देने को राजी हो ही गए।' वह मौन रहा... इसमें उसने एक अलग किस्म का शुभकामना वाला टैग लगवाया, किन्तु नाम का स्थान खाली छोड़वा दिया। दोनों आइटम का कैरीबैग लेकर अपने पैर के पास टिका दिया। फिर बिंदास अंदाज में पेमेंट करते हुए कहा-'यह रहा दीपू के लिए भाभी जी की तरफ से बेनामी गिफ्ट है।' युवक थैला लिए आगे बढ़ गया और लोगों की भीड़ में गुम हो गया....यह है मेरी गॉड गिफ्टेड कहानी...जिसे पाकर मैं कतई खुश नहीं हूँ। क्योंकि इसमें एक बड़े समझदार आदमी की बेहतरीन सोच का कत्ल उसके ही परिजनों ने कर दिया है।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# परिवर्तन का संवत्सर

नूतन और पुरातन का अद्भुत संगम है प्रकृति। वह अगाध सम्मान देती है परिपक्वता को तो असीम प्रसन्नता से नवागत को आमंत्रित भी करती है। जो कुछ नया है स्वागत योग्य है। ओस की नयी बूँद हो, बच्चे का जन्म हो या हो नववर्ष, हर तरफ होता है उल्लास, हर तरफ होता है हर्ष। भारतीय संदर्भ में चर्चा करें तो हिन्दू नववर्ष देश के अलग-अलग राज्यों में स्थानीय संस्कृति एवं लोकचार के अनुसार मनाया जाता है। महाराष्ट्र तथा अनेक राज्यों में यह पर्व गुढी पाडवा के नाम से प्रचलित है। पाडवा याने प्रतिपदा और गुढी अर्थात ध्वज या ध्वजा। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। सतयुग का आरंभ भी यही दिन माना गया है।

स्वाभाविक है कि संवत्सर आरंभ करने के लिए इसी दिन को महत्व मिला। गुढीपाडवा के दिन महाराष्ट्र में ब्रह्मध्वज या गुढी सजाने की प्रथा है। लंबे बांस के एक छोर पर हरा या पीला ज़रीदार वस्त्र बांधा जाता है। इस पर नीम की पत्तियाँ, आम की डाली, चाशनी से बनी आकृतियाँ और लाल पुष्प बांधे जाते हैं। इस पर तांबे या चांदी का कलश रखा जाता है। सूर्योदय की बेला में इस ब्रह्मध्वज को घर के आगे विधिवत पूजन कर स्थापित किया जाता है।

माना जाता है कि इस शुभ दिन वातावरण में विद्यमान प्रजापति तरंगें गुढी के माध्यम से घर में प्रवेश करती हैं। ये तरंगें घर के वातावरण को पवित्र एवं सकारात्मक बनाती हैं। आधुनिक समय में अलग-अलग सिग्नल प्राप्त करने के लिए एंटीना का इस्तेमाल करने वाला समाज इस संकल्पना को बेहतर समझ सकता है। सकारात्मक व नकारात्मक ऊर्जा तरंगों की सिद्ध वैज्ञानिकता इस परंपरा को सहज तार्किक स्वीकृति देती है। प्रार्थना की जाती है, हे सृष्टि के रचयिता, हे सृष्टा आपको नमन। आपकी ध्वजा के माध्यम से वातावरण में प्रवाहित होती सृजनात्मक, सकारात्मक एवं सात्विक तरंगें हम सब तक पहुँचें। इनका शुभ परिणाम पूरी मानवता पर दिखे। सूर्योदय के समय प्रतिष्ठित की गई ध्वजा सूर्यास्त होते- होते उतार ली जाती है।

प्राकृतिक कालगणना के अनुसार चलने के कारण ही भारतीय संस्कृति कालजयी हुई। इसी अमरता ने इसे सनातन संस्कृति का नाम दिया। ब्रह्मध्वज सजाने की प्रथा का भी सीधा संबंध प्रकृति से ही आता है। बांस में काँटे होते हैं, अतः इसे मेरुदंड या रीढ़ की हड्डी के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया गया है। ज़री के हरे-पीले वस्त्र याने साड़ी-चोली, नीम व आम की माला, चाशनी के पदार्थों के गहने, कलश याने मस्तक। निराकार अनंत प्रकृति का साकार स्वरूप में पूजन है गुढी पाडवा।

कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश में भी नववर्ष चैत्र प्रतिपदा को ही मनाया जाता है। इसे 'उगादि' कहा जाता है। केरल में नववर्ष 'विशु उत्सव' के रूप में मनाया जाता है। असम में भारतीय नववर्ष 'बिहाग बिहू' के रूप में मनाया जाता है। बंगाल में भारतीय नववर्ष वैशाख की प्रतिपदा को मनाया जाता है। इससे 'पोहिला बैसाख' यानी प्रथम वैशाख के नाम से जाना जाता है।

तमिलनाडु का 'पुथांडु' हो या नानकशाही पंचांग का 'होला-मोहल्ला' परोक्ष में भारतीय नववर्ष के उत्सव के समान ही मनाये जाते हैं। पंजाब की बैसाखी यानी नववर्ष के उत्साह का सोंधी माटी या खेतों में लहलहाती हरी फसल-सा अपार आनंद। सिंधी समाज में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को 'चेटीचंड' के रूप में मनाने की प्रथा है। कश्मीर में भारतीय नववर्ष 'नवरेह' के रूप में मनाया जाता है। सिक्किम में भारतीय नववर्ष तिब्बती पंचांग के दसवें महीने के 18वें दिन मनाने की परंपरा है।

सृष्टि साक्षी है कि जब कभी, जो कुछ नया आया, पहले से अधिक विकसित एवं कालानुरूप आया। हम बनाये रखें परंपरा नवागत की, नववर्ष की, उत्सव के हर्ष की। साथ ही संकल्प लें अपने को बदलने का, खुद में बेहतर बदलाव का। इन पंक्तियों के लेखक की कविता है-

न राग बदला, न लोभ, न मत्सर,
बदला तो बदला केवल संवत्सर।

परिवर्तन का संवत्सर केवल काग़ज़ों तक सीमित न रहे। हम जीवन में केवल वर्ष ना जोड़ते रहें बल्कि वर्षों में जीवन फूँकना सीखें। मानव मात्र के प्रति प्रेम अभिव्यक्त हो, मानव स्वगत से समष्टिगत हो।

आज गुढी पाडवा है। सभी पाठकों को शुभ गुढी पाडवा।

## विशेष

# नव संवत्सर : भारत का नव वर्ष

सुरेश हिन्दुस्थानी
मोबाइल : 9770015780

आज यह प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सही मायनों में कहा जाए तो समाज प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपने अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरुप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता का काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। जिसमें चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष नया कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लम्बे चौड़े व्याख्यान देते हैं। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है।

पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो और भारतीय तिथि-मासों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। इसके बाद भी हमारे समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसके कारण हम सामाजिक मान मर्यादाओं का स्वयं ही मर्दन करते जा रहे हैं। जिसके चलते इसका दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहा है और समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियां भी जन्म ले रही हैं, जो भारतीय जीवन दर्शन के हिसाब से स्वीकार योग्य नहीं हैं।

भारतीय नव वर्ष का अध्ययन किया जाए तो चारों तरफ नई उमंग की धारा प्रवाहित होती हुई दिखाई देती है। जहां प्रकृति अपने पुराने आवरण को उतारकर नए परिवेश में आने को आतुर दिखाई देती है, वहीं भारत माता अपने पुत्रों को धन धान्य से परिपूर्ण करती हुई दिखाई देती है। भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिवस पूजा पाठ करने से असीमित फल की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि शुभ कार्य के लिए शुभ समय की आवश्यकता होती है और यह शुभ समय निकालने की सही विधा केवल भारतीय काल गणना में ही समाहित है। भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आरम्भ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन, श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, प्रखर देशभक्त डॉ. केशवराव हेडगेवार जी का जन्मदिवस, आर्य समाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती। इतनी विशेषताओं को समेटे हुए हमारा नव वर्ष वास्तव में हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। वास्तव में ये वर्ष का सबसे श्रेष्ठ दिवस है।

नववर्ष का प्रारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। ब्रह्मपुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण प्रारम्भ किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी काल गणना बड़ी प्रचीन है। सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक लगभग 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 115 वर्ष बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय काल गणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। हिन्दु शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रारम्भ गणितीय और खगोल शास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है। भारतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आरम्भ मानना इसलिए भी हर्षोल्लासपूर्ण है, क्योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्र-पुष्पों द्वारा प्रकृति का नव शृंगार किया जाता है।

लोग नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार सजाते हैं तथा नवीन वस्त्राभूषण धारण करके ज्योतिषाचार्य द्वारा नूतन वर्ष का संवत्सर फल सुनते हैं। विक्रमादित्य ने भारत की इन तमाम कालगणनापरक सांस्कृतिक परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि से ही अपने नवसंवत्सर संवत को चलाने की परम्परा शुरू की थी और तभी से समूचा भारत इस तिथि का प्रतिवर्ष अभिवंदन करता है। ऐसे में विचारणीय तथ्य यह है कि हम जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं या फिर जड़ बनकर पश्चिम के पीछे भागना चाहते हैं। ध्यान रहे नकल हमेशा नकल ही रहती है, वास्तविकता नहीं हो सकती। आज चमक दमक के प्रति बढ़ता आकर्षण हमें भारतीयता से दूर कर रहा है, लेकिन यह भी एक बड़ा सच है कि दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों को भारतीयता रास आने लगी है।

## बोध कथा

# अकबर का साला

हमेशा से ही बीरबल की जगह लेना चाहता था। अकबर जानते थे कि बीरबल की जगह ले सके ऐसा बुद्धिमान इस संसार में कोई नहीं है। फिर भी जोरू के भाई को वह सीधी 'ना' नहीं बोल सकते थे। ऐसा कर के वह अपनी लाडली बेगम की बेरुखी मोल नहीं लेना चाहते थे। इसीलिए उन्होने अपने साले साहब को एक कोयले से भरी बोरी दे दी और कहा कि- जाओ और इसे हमारे राज्य के सबसे मक्कार और लालची सेठ सेठ दमड़ीलाल को बेचकर दिखाओ , अगर तुम यह काम कर गए तो तुम्हें बीरबल की जगह वज़ीर बना दूंगा। अकबर की इस अजीब शर्त को सुन कर साला अचंभे में पड़ गया। वह कोयले की बोरी ले कर चला तो गया। पर उसे पता था कि वह सेठ किसी की बातो में नहीं आने वाला ऊपर से वह उल्टा उसे ही चूना लगा देगा। हुआ भी यही सेठ दमड़ीलाल ने कोयले की बोरी के बदले एक ढेला भी देने से इनकार कर दिया। साला अपना सा मुंह लेकर महल वापस लौट आया और अपनी हार स्वीकार कर ली अब अकबर ने वही काम बीरबल को करने को कहा।

बीरबल कुछ सोचे और फिर बोले कि सेठ दमड़ीलाल जैसे मक्कार और लालची सेठ को यह कोयले की बोरी क्या मैं सिर्फ कोयले का एक टुकड़ा ही दस हज़ार रूपये में बेच आऊंगा। यह बोल कर वह तुरंत वहाँ से रवाना हो गए। सबसे पहले उसने एक दरज़ी के पास जा कर एक मखमली कुर्ता सिलवाया। हीरे-मोती वाली मालाएँ गले में डाली। महंगी जूती पहनी और कोयले को बारीक सुरमे जैसा पिसवा लिया। फिर उसने पिसे कोयले को एक सुरमे की छोटी चमकदार डिब्बी में भर लिया। इसके बाद बीरबल ने अपना भेष बदल लिया और एक मेहमानघर में रुक कर इश्तिहार दे दिया कि बगदाद से बड़े शेख आए हैं। जो करिश्माई सुरमा बेचते हैं। जिसे आँखों में लगाने से मरे हुए पूर्वज दिख जाते हैं और यदि उन्होंने कहीं कोई धन गाड़ा है तो उसका पता बताते हैं। यह बात शहर में आग की तरह फ़ैली। सेठ दमड़ीलाल को भी ये बात पता चली। उसने सोचा ज़रूर उसके पूर्वजों ने कहीं न कहीं धन गाड़ा होगा। उसने तुरंत शेख बने बीरबल से सम्पर्क किया और सुरमे की डिब्बी खरीदने की पेशकश की। शेख ने डिब्बी के 20 हज़ार रुपये मांगे और मोल-भाव करते-करते 10 हज़ार में बात तय हुई। पर सेठ भी होशियार था, उसने कहा मैं अभी तुरंत ये सुरमा लगाऊंगा और अगर मुझे मेरे पूर्वज नहीं दिखे तो मैं पैसे वापस ले लूँगा।

बीरबल बोला, बिलकुल आप ऐसा कर सकते हैं, चलिए शहर के चौराहे पर चलिए और वहां इसे जांच लीजिये। सुरमे का चमत्कार देखने के लिए भीड़ इकठ्ठा हो गयी। तब बीरबल ने ऊँची आवाज़ में कहा, ये सेठ अभी ये चमत्कारी सुरमा लगायेंगे और अगर ये उन्ही की औलाद हैं जिन्हें ये अपना माँ-बाप समझते हैं तो इन्हें इनके पूर्वज दिखाई देंगे और गड़े धन के बारे में बताएँगे। लेकिन अगर आपके माँ-बाप में से किसी ने भी बेईमानी की होगी और आप उनकी असल औलाद नहीं होंगे तो आपको कुछ भी नहीं दिखेगा।

## वीर गाथा

# नायब सूबेदार नुदुराम सोरेन: गलवान में इनका जोश देखकर हमारे जवानों ने तोड़ी थीं चीनियों की गर्दनें

नायब सूबेदार नुदुराम सोरेन का जन्म 2 अप्रैल, 1977 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के बड़ा चंपौड़ा गांव में हुआ था। माता रायमथ सोरेन और पिता काहनू सोरेन के वीर पुत्र नुदुराम मार्च 1997 में भारतीय सेना की बिहार रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। उन्होंने ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान अत्यंत वीरता का प्रदर्शन किया था।

15 जून, 2020 की रात को गलवान घाटी (पूर्वी लद्दाख) में तैनात नायब सूबेदार नुदुराम ने अपने साथी जवानों का शानदार नेतृत्व किया था। उन्होंने एक निरीक्षण चौकी स्थापित कर चीनी फौज को मुंहतोड़ जवाब दिया था, जो भारतीय सैनिकों को पीछे धकेलना चाहती थी।

नुदुराम ने अपनी टुकड़ी को संगठित किया और चीनियों का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने दुश्मन की कोशिशों को विफल किया। उस झड़प के दौरान उनका साहस देखकर चीनी भयभीत हो गए थे। दुश्मन के कई फौजियों ने उन पर अत्यंत घातक और धारदार हथियारों से हमला किया था। इसके बावजूद उन्होंने चीनियों को खूब ललकारा और उनके साथ दो-दो हाथ किए।

नुदुराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने अपने जवानों के लिए महान आदर्श स्थापित करते हुए पीछे हटने से इन्कार कर दिया और दुश्मन से मुकाबला करते रहे, जिसके वहां काफी ज्यादा फौजी मौजूद थे।

नुदुराम प्रतिकूल परिस्थितियों में सबसे आगे खड़े रहे। उन्हें देखकर साथी जवानों का हौसला और ज्यादा बढ़ गया। उन्होंने कई चीनी फौजियों की गर्दन और रीढ़ की हड्डियां तोड़कर उन्हें ढेर कर दिया। नुदुराम आखिरी सांस तक भारत मां की रक्षा के लिए मैदान में अडिग रहे। वे लड़ते-लड़ते ही वीरगति को प्राप्त हो गए। दुश्मन के सामने अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यपथ पर बलिदान के लिए नायब सूबेदार नुदुराम सोरेन को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# बीएपीएस के साधु भद्रेशदास को दिया जाएगा 'सरस्वती सम्मान 2024'

## 'स्वामीनारायण सिद्धांत सुधा' के लिए मिलेगा सम्मान

नई दिल्ली/दक्षिण भारत। केके बिरला फाउंडेशन द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रख्यात संस्कृत विद्वान साधु भद्रेशदास को उनकी साहित्यिक कृति 'स्वामीनारायण सिद्धांत सुधा' के लिए दिया जाएगा। इस संबंध में न्यायमूर्ति अर्जन कुमार सीकरी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में हुई 'चयन परिषद' की बैठक में फैसला लिया गया। बता दें कि साधु भद्रेशदास अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्कृत विद्वान और बीएपीएस के संन्यासी हैं। बारह दिसंबर, 1966 को नांदेड़ में जन्मे भद्रेशदास एमए, पीएचडी, डीलिट तथा आईआईटी खड़गपुर द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस (मानद उपाधि) से विभूषित हैं।



भारतीय दर्शन में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान है। उनकी विद्वता के लिए उन्हें 'महामहोपाध्याय', 'भाष्य-रत्नाकर' जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से भी अलंकृत किया गया है। इसके अलावा, वे भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें थाईलैंड की सिल्पाकोर्न यूनिवर्सिटी ने 'वेदांत मार्तंड पुरस्कार' से सम्मानित किया है। वे वर्तमान में बीएपीएस स्वामीनारायण शोध संस्थान के अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। साधु भद्रेशदास की कृति 'स्वामीनारायण सिद्धांत सुधा' प्रस्थानत्रयी पर आधारित है। यह अक्षर पुरुषोत्तम दर्शन की संपूर्ण दार्शनिक दृष्टि को सरल, तर्कसंगत और गहन रूप से प्रस्तुत करती है। इस ग्रंथ के अध्ययन से संस्कृत भाषा की विश्वजयी सामर्थ्य को समझा जा सकता है। 'सरस्वती सम्मान' की शुरुआत वर्ष 1991 में की गई थी। इसके तहत 15 लाख रुपए की राशि के साथ प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाता है।

# मस्क ने 'एक्स' को अपनी ही कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचा

वाशिंगटन। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है।

हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं। इसका मतलब है कि उन्हें इस सौदे से जुड़े वित्तीय पहलू का खुलासा सार्वजनिक करने की ज़रूरत नहीं है।

मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का मूल्य 33 अरब डॉलर आंका गया है।

टेस्ला एवं स्पेसएक्स कंपनियों के मुखिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार मस्क ने वर्ष 2022 में ट्विटर नामक साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। उन्होंने इसकी नीतियों में बदलाव करने के साथ इसका नाम भी बदलकर 'एक्स' कर दिया था। उन्होंने एक साल बाद कृत्रिम मेधा पर आधारित मंच एक्सएआई को भी पेश किया था। मस्क ने कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। हम आधिकारिक तौर पर इनके डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि साझा कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के मूल मिशन के प्रति सच्चा रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी।

बातचीत



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री साहिब सिंह, पार्टी सांसद योगेंद्र चंदोलिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद संबित पात्रा के साथ शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के दौरान मीडिया से बात करती हुई।

# पूर्वी काठमांडू में कर्फ्यू हटाया गया, 100 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया

काठमांडू/भाषा। नेपाल में प्राधिकारियों ने काठमांडू के पूर्वी हिस्से में सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लगाया गया कर्फ्यू क्षेत्र में तनाव कम होने के बाद शनिवार को हटा दिया।

काठमांडू के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस समय तनाव पैदा हो गया था जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया था, एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय पर हमला कर दिया था, कई वाहनों में आग लगा दी थी तथा राजधानी के तिनकुने क्षेत्र में दुकानों में लूटपाट की थी।

सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य लोग घायल हो गए। बाद में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को बुलाया गया था। पुलिस ने हिंसक प्रदर्शन के दौरान मकानों को जलाने और वाहनों में तोड़फोड़ करने की घटनाओं में शामिल 105 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, शुक्रवार शाम चार बजकर 25 मिनट से लगाया गया कर्फ्यू शनिवार सुबह सात बजे हटा लिया गया।

गिरफ्तार किए गए लोगों में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और पार्टी के केंद्रीय सदस्य रवींद्र मिश्रा शामिल हैं। प्रदर्शनकारी राजशाही की बहाली और हिंदू राष्ट्र की मांग कर रहे थे।

विरोध प्रदर्शन के संयोजक दुर्गा प्रसाई द्वारा अवरोधकों को तोड़कर और बुलेटप्रूफ वाहन पर सवार होकर बानेश्वर की ओर बढ़ने के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गया। बानेश्वर में संसद भवन स्थित है।

काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शनों में सबसे बड़ा हाथ प्रसाई का है और वह अब भी फरार है।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की घटना में 53 पुलिसकर्मी, सशस्त्र पुलिस बल के 22 जवान और 35 प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। हिंसक प्रदर्शनों के दौरान 14 इमारतों में आग लगा दी गई और नौ इमारतों में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा नौ सरकारी वाहनों को आग लगा दी गई और छह निजी वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

प्रदर्शनकारियों ने तिनकुने इलाके में कांतिपुर टेलीविजन भवन और 'अन्नपूर्णा मीडिया हाउस' पर भी हमला किया।

हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद सुरक्षा स्थिति पर कैबिनेट की बैठक में चर्चा की गई।

'माई रिपब्लिका डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह के राजकीय विशेषाधिकारों और पासपोर्ट को रद्द करने का फैसला किया है। उन पर हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काने का आरोप लगाया गया है। नेपाल के राजनीतिक दलों ने 2008 में संसद की घोषणा के माध्यम से 240 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर करके तत्कालीन हिंदू राष्ट्र को एक धर्मनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणराज्य में बदल दिया था। राजशाही समर्थक तब से राजशाही की बहाली की मांग कर रहे हैं, जब से पूर्व नरेश ने लोकतंत्र दिवस (19 फरवरी) पर प्रसारित अपने वीडियो संदेश में समर्थन की अपील की थी।

# चीन को बांग्लादेश एक अच्छे मित्र के रूप में देखे : मोहम्मद यूनुस

बीजिंग/भाषा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना ''महत्वपूर्ण'' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। यूनुस ने अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन पर आज यह बात कही। यूनुस ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में हमारे संबंध बहुत प्रगाढ़ रहे हैं। हमारे व्यापारिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं और चीन के साथ हमारे सहयोग से हमें लाभ मिलता है।'' यूनुस के आधिकारिक हैंडल से 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा गया, ''चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी और विदेश मंत्रालय के सहायक मंत्री होंग लेई ने शनिवार को बीजिंग कैपिटल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यूनुस को उनकी ऐतिहासिक चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन के बाद विदा किया।'' यूनुस ने शुक्रवार को चिनफिंग से मुलाकात की और राजनीतिक और आर्थिक संकट से प्रभावित बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए चीन से निवेश बढ़ाने का आग्रह किया।

नई दिल्ली के मुकाबले बीजिंग को अधिक तरजीह देते हुए यूनुस ने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम चीन को अपने अच्छे दोस्त के रूप में देखें।'' यूनुस ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि द्विपक्षीय संबंध एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। चीन यात्रा के बाद यूनुस बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जाने वाले हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की इच्छा जताई है, लेकिन भारत ने अभी तक दोनों नेताओं की मुलाकात की पुष्टि नहीं की है। चिनफिंग और यूनुस के बीच वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि बांग्लादेश तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनरुद्धार परियोजना में भाग लेने के लिए चीनी कंपनियों का स्वागत करता है।



# यामी गौतम ने नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली/एजेन्सी**

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री यामी गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। यामी गौतम धर प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं, जो अपनी हर फिल्म से गहरी छाप छोड़ती हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने बैक-टू-बैक दमदार फिल्में दी हैं, और उनकी फिल्म आर्टिकल 370 पूरे साल छाई रही। इस फिल्म को दर्शक और समीक्षक दोनों से खूब प्यार मिला। यामी गौतम के लिए गर्व और खुशी का पल था, जब उन्होंने दिल्ली में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यामी यहां एक कॉन्क्लेव का हिस्सा बनीं, जहां उन्होंने इंडियाज गॉट टैलेंट नाउ एट ए ग्लोबल स्टेज टॉपिक पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री और उसकी ग्लोबल पहचान को लेकर अपनी राय रखी।

यामी गौतम धर ने एक खास सेशन में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई, जहां देश के टॉप लीडर्स और विजनरीज़ एक साथ आए थे। इस दौरान यामी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सम्मान मिला, एक ऐसा लम्हा जो उनके लिए गर्व और प्रेरणा से भरा रहा। यामी के लिये यह शानदार करियर और दमदार परफॉर्मेंस का ही नतीजा है कि वो आज इस मुकाम पर पहुंची हैं।

खास बात ये है कि श्री मोदी पहले भी आर्टिकल 370 की तारीफ कर चुके हैं, और इस फिल्म में यामी की परफॉर्मेंस को हर तरफ से सराहना मिली थी। यामी गौतम धर ने हाल ही में धूम धाम में अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से फिर साबित कर दिया कि वो कितनी वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं। अब फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि वो आगे क्या नया लेकर आने वाली हैं।




# 'कृष 4' का निर्देशन करेंगे ऋतिक रोशन

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 के जरिये अब निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। सुपरहीरो फिल्म फ्रेंचाइजी कृष को सिनेमा लवर्स ने बेशुमार प्यार दिया है।राकेश रोशन निर्मित-निर्देशित और ऋतिक रोशन अभिनीत कृष देश की इस सबसे बड़ी सुपरहीरो फ्रेंचाइजी है, जिसकी शुरुआत 2003 में 'कोई मिल गया' से हुई थी। उसके बाद 2006 में 'कृष' और फिर 2013 में 'कृष 3' रिलीज हुई थी। ये तीनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट रही हैं। काफी समय से चौथे पार्ट का इंतजार किया जा रहा था। कुछ साल पहले इसका ऐलान भी किया गया था, लेकिन कोई भी प्रोग्रेस नहीं हो सकी थी।

कृष 4 के जरिए ऋतिक रोशन बतौर निर्देशक करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस बात की घोषणा खुद उनके पिता राकेश रोशन ने की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'डुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें बतौर एक्टर लॉन्च किया था, और आज 25 साल बाद, दो फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और मैं मिलकर तुम्हें एक निर्देसक के रूप में लॉन्च करने जा रहे हैं, जिससे तुम हमारी सबसे बड़ी फिल्म को आगे ले जा सको।' राकेश रोशन ने कहा,'कृष ने दुनियाभर के दर्शकों का मनोरंजन किया है। ऋतिक अब इस सुपरहीरो गाथा के अगले चैप्टर्स को सामने लाएंगे और इतने साल पहले बनाए गए मेरे विजन को और नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। कृष 4 के निर्माता के रूप में आदित्य जैसे किसी व्यक्ति को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। उन्होंने ही ऋतिक को निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के लिए राजी किया। आदित्य और यशराज फिल्म्स के पास इस फिल्म को बनाने और इस प्रोजेक्ट में वैल्यू ऐड करने के लिए ज्ञान, समझ और तकनीकी क्षमता है। ऋतिक और आदित्य का निर्माता-निर्देशक की जोड़ी के रूप में साथ आना एक दुर्लभ और शानदार क्रिएटिव कोलेबरेशन है।



# फिल्म 'ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स' अगले महीने रिलीज होगी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स' 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित फिल्म 'ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स हाई-ऑक्टेन एक्शन, सस्पेंस और साज़िश पेश करने का वादा करती है। इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ आनंद और ममता आनंद ने किया है।फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया और पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, जितना बड़ा जोखिम, उतनी ही मीठी चोरी।

आ रहा है अविश्वसनीय-ज्वेल थीफ, 25 अप्रैल को देखें सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर। फिल्म ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स में सैफ अली खान के साथ जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता जैसे कलाकार शामिल हैं।

फरवरी में रिलीज़ किए गए टीज़र ने फ़िल्म के कथानक की एक झलक पेश की, जिसमें सैफ़ और जयदीप के किरदारों को प्रतिष्ठित अफ़्रीकी रेड सन हीरे को चुराने के लिए सेना में शामिल होते हुए दिखाया गया था।




# प्राइम वीडियो ने 'दुपहिया' सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा की

**मुंबई/एजेन्सी**

प्राइम वीडियो ने लोकप्रिय हिंदी सीरीज 'दुपहिया' का दूसरा सीजन बनाने की घोषणा की है। प्राइम वीडियो के प्रमुख निखिल माधोक ने बताया कि दुपहिया सीरिज का दूसरा सीजन बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। यह एक कॉमेडी सीरीज है जिसकी कहानी काल्पनिक और अपराधमुक्त गांव धड़कपुर पर आधारित है। इसके पहले सीजन ने खूबसूरत कॉमेडी, यादगार किरदारों, शानदार परफॉर्मेंस और दिल छू लेने वाली कहानी के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसे दर्शको और आलोचकों ने काफी सराहा था। निखिल माधोक ने कहा हमारा मानना है कि सच्ची कहानियां हर किसी को जोड़ती हैं। 'दुपहिया' की जबरदस्त कामयाबी इस बात का सबूत है कि आम जिंदगी से जुड़ी कहानियां हर किसी को पसंद आती हैं। सीरीज को सलोना बेंस जोशी और शुभ शिवदासानी ने बनाया है जो इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। इसकी कहानी अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखी है और सीरीज का निर्देशन सोनम नायर ने किया है।

दुपहिया, नौ एपिसोड की सीरीज है, जो छोटे शहर की सादगी में हंसी-ठिठोली और ड्रामा का तड़का लगाती है। इसमें गजराज राव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा जैसे कलाकारो ने अभिनय किया है। 'दुपहिया' भारत समेत 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रो में प्राइम वीडियो पर दिखाई जा रही है।

# 'द भूतनी' का ट्रेलर रिलीज, रोमांच से भरपूर फिल्म में संजय दत्त लगाएंगे कॉमेडी का तड़का

**नयी दिल्ली/एजेन्सी**




बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त, पलक तिवारी, मौनी रॉय और सनी सिंह स्टारर फिल्म 'द भूतनी' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हो गया, जो एक मजेदार और डरावने रोमांच से भरपूर है। फिल्म 'द भूतनी' के ट्रेलर में मजेदार पंचलाइन, खौफनाक रोमांच और संजय दत्त का आइकॉनिक स्वैग दिखाई देता है। 'द भूतनी' दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने का वादा करती है, जहां डर और हंसी का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। मेकर्स ने मुंबई में एक मेगा इवेंट में पूरी स्टारकास्ट की मौजूदगी में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। 26 फरवरी को संजय ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फिल्म के टाइटल 'द वर्जिन ट्री' का खुलासा किया था। यह भी खुलासा हुआ कि यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।


फिल्म के निर्माताओं ने एक टीजर भी शेयर किया था, जो एक रहस्यमयी दुनिया की झलक देता है। 'द भूतनी' को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। इसके अलावा, संजय की आने वाली फिल्मों में बहुप्रतीक्षित सीक्वल वेलकम टू द जंगल भी शामिल है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकारों की टीम है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।

यह फिल्म पहली बार 2007 में रिलीज की गई थी और इसका दूसरा भाग 'वेलकम बैक' 2015 में रिलीज किया गया था। इसके साथ ही, संजय दत्त 'सन ऑफ सरदार 2' में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस ड्रामा में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर मुख्य जोड़ी के रूप में हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को अजय देवगन ने देवगन फिल्म्स के बैनर तले जियो स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जाति, भाषा, प्रांत और संप्रदायों का भेदभाव इतना जहरीला होता है कि वह न्याय, नीति, मानवता और कर्तव्य का बोध कभी नहीं होने देता। इनके बलबूते पर अयोग्य भी सत्ता की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं। नीति शास्त्र कहता है कि अयोग्य के पास आई हुई सत्ता, सामर्थ्य और शक्ति सदैव लोगों के शोषण तथा उत्पीड़न का ही काम करती है। कमोबेश हम अपने देश के अनेक प्रांतों में और विश्व के अनेक देशों में यही स्थिति देख रहे हैं। यह कलयुग की करुण दर्दनाक कथा है।




# एसपीआर सिटी के मिडनाइट जैकपॉट कार्निवल की धूम

## 200 से ज्यादा लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** जब जमीन, घर या व्यावसायिक स्थानों में निवेश की बात आती है तो मूल्यवृद्धि (एप्रिसिएशन) सबसे ज्यादा जरूरी कारक है। इससे कोई निवेश वास्तव में मूल्यवान बनता है। यह कहना है 'एसपीआर सिटी' का, जो रियल एस्टेट क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है।

उसने कहा कि अगर आज यहां निवेश करते हैं तो भविष्य में अपनी संपत्ति में एप्रिसिएशन देखेंगे। यही हमारे मिडनाइट जैकपॉट कार्निवल का 'जादू' है। यह एक ऐसा अवसर है, जहां आप अपने निवेश को लगभग तुरंत बढ़ते हुए देख सकते हैं। चाहे आप घर खरीद रहे हों, व्यावसायिक निवेशक हों या दुकान खरीदने के बारे में सोच रहे हों, हर खरीदार को एप्रिसिएशन का फायदा मिलेगा।

एसपीआर सिटी ने बताया कि उसके यहां ऊंची मांग वाली सीमित संपत्तियों के चयन पर ध्यान दिया जाता है। मात्रा के बजाय गुणवत्ता को प्राथमिकता मिलती है। यह नजरिया सुनिश्चित करता है कि हम जो भी संपत्ति पेश करते हैं, वह अत्यधिक मूल्यवान हो और उसमें काफी एप्रिसिएशन की संभावना हो। मिडनाइट जैकपॉट कार्निवल ऐसा सुरक्षित निवेश करने का आयोजन है, जो शानदार रिटर्न दे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवीन जैन ने बताया कि अब तक मिडनाइट जैकपॉट कार्निवल के अंतर्गत 200 से ज्यादा लोगों ने इस प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। पांच बीएचके के फ्लैट खरीदने पर इनोवा क्रिस्टा उपहारस्वरूप दी जा रही है। हर बुकिंग के बाद कीमतें मामूली रूप से बढ़ाई जा रही हैं। लोगों का रिस्पॉन्स अच्छा है।

एसपीआर सिटी ने मिडनाइट डील्स पेश की हैं, जो आधी रात तक उपलब्ध रहेंगी। इस आयोजन का समय सुविधाजनक रखा गया है। लोग चाय, नाश्ते या भोजन के साथ ही लाइव क्रिकेट मैच का आनंद ले सकेंगे। सेल्स मैनेजर पूरे आयोजन के दौरान उपलब्ध रहेंगे और बैंकिंग, लोन या संपत्ति के बारे में पूरी जानकारी देंगे। अधिक जानकारी के लिए फोन नं. 7358200333 पर सम्पर्क किया जा सकता है।






# यूकेजी स्नातक समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहुकारपेट के एजी जैन नर्सरी और प्राइमरी स्कूल ने यू.के.जी. (अप्पर किंडरगार्टन) छात्रों के लिए एक स्नातक समारोह का आयोजन किया। समारोह की शुरुआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि राजश्री चौधरी ने समारोह की शोभा बढ़ाई। साथ ही, अतिथि के रूप में छैल राजपुरोहित और मंगल सिंह राजपुरोहित भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. के जयश्री, प्रबंधन सचिव दलजीत सिंह ढ्ढा और प्रसन चोरडिया ने भी इस समारोह में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम में कक्षा 5 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन और किंडरगार्टन छात्रों द्वारा कविता पाठ ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात छात्रों को स्नातक स्क्रॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अंत में प्रबंधन सचिव दलजीत सिंह ढ्ढा ने सभा को धन्यवाद ज्ञापन दिया। समारोह का समुचित संचालन ललिता द्वारा किया गया, जो कि एजीजैन नर्सरी और प्राइमरी स्कूल की प्राइमरी समन्वयक हैं।

## सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरुपुर में बालाजी के दीवाने मंडल द्वारा 19वां मासिक सुन्दरकांड पाठ का आयोजन रायपुरम् के गणेश मंदिर में 29 मार्च को किया गया। सुनील पंडित द्वारा गणेश वंदना से शुरु हुए सुन्दरकांड में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। मंडल की अध्यक्ष शिला शाह, पदाधिकारी सरोज पित्ती, मंजु पारस, विरा कामदार, भगवती दाधीच आदि ने महाआरती में भाग लिया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




कोयम्बटूर जिला आयुक्त कार्यालय में फोकस ब्लॉक डेवलपमेंट कार्यक्रम सीएसआर पहल के तहत भारतीय जैन संघटना कोयम्बटूर चैप्टर द्वारा अन्नामलाई ब्लॉक में दिए गए सहयोग के लिए जिला कलेक्टर पवनकुमार गिरियापनावर द्वारा बीजेएस को सम्मानित किया गया।



# काव्य मानव को मानवीय गुण से परिपूर्ण करता है : डॉ रंजीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के केआर पुरम स्थित प्रथम ग्रेड डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीआरडीओ एनएलपी प्रशिक्षक डॉ. रंजीतकुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रतिभा पार्श्वनाथ ने किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. छिन्नवा एन. होमबली ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. मधुछंदा ने कविता पाठ और वार्षिक संगोष्ठी का संचालन किया।

डॉ रंजीत कुमार ने मानव जीवन के विकास में काव्य के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि काव्य मानव को मानवीय गुण से परिपूर्ण करता है और समाज को सजग और सतर्क करता है और सामाजिक समस्याओं का समाधान करता है। हिंदी कविता भारतीय संस्कृति की रक्षा करती है और भारतीय चेतन से देश-विकास का पथ प्रदर्शन करती है और विश्व जगत को प्रेरित करती है। हमें अपने भारतीय संस्कृति को महत्त्व देकर अपनाना चाहिए। वसुधैव कुटुंबकम, ज्ञान दान, प्रकृति प्रेम, त्याग, सहनशीलता, दया, धर्म इस संस्कृति की मुख्य विशेषता है। रंजीत कुमार ने पीपीटी के माध्यम से हिन्दी क्षेत्र में रोजगार और व्यवसाय के बारे में ज्ञानप्रद प्रस्तुति दी। डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि हर भारतीयों को हिंदी पर गौरव बोध और सभी भारतीय भाषाओं पर अभिमान होना चाहिए। डॉ रंजीत कुमार का प्राचार्य ने सम्मान किया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने 30 दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ मधुछंदा ने धन्यवाद दिया।




# महावीर स्वामी जन्मकल्याणक हेतु झाँकी संबंधित संघ संस्थाओं की बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन युवा संगठन द्वारा 10 अप्रैल को श्रमण भगवान महावीर का 2624वां जन्मकल्याणक महोत्सव फ्रीडम पार्क में मनाया जा रहा है जिसके संदर्भ में गोड़वाड़ भवन में प्रभु भगवान के संदेश एवं जैन समाज की एकता को दर्शाती झांकियां व शोभायात्रा को मूर्त रूप देने हेतु संघ संस्था की बैठक का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष महावीर मुणोत ने बैठक में उपस्थित संघ संथाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। मंत्री नीरज कटारिया ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। झाँकी जुलूस व्यवस्था समिति के चेयरमैन अभय कातरेला ने संघ संस्थाओं को प्रभु महावीर के सिद्धांतों को दर्शाती झाँकियों का निर्माण करने का आग्रह किया। साथ ही सह चेयरमैन अभिषेक तातेड़ ने वरघोड़े के आयोजन के लिए तय नीति नियमों की जानकारी दी व उन्हें अपनाने का आग्रह किया।

जीतू लोढ़ा ने बताया कि इस वर्ष आज्ञानुसार वरघोड़े का आयोजन टाउन हॉल से एसपी रोड, नगरथपेट, एवेन्यू रोड, आदिनाथ जैन मंदिर चिकपेट, बीवीके अय्यंगार रोड, हॉस्पिटल रोड, मैसूर बैंक सर्कल, शेषाद्रि रोड होते हुए कुंडलपुर नगरी (फ्रीडम पार्क) तक किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था समिति के चेयरमैन कुशल डुंगरवाल, सह चेयरमैन महावीर दक, सुनील लोढ़ा ने बताया कि शीघ्र ही सभी आवश्यक अनुमति मिल जाएगी। बैठक का संचालन सहमंत्री सुश्रुत चेलावत ने किया।

# अंजू कोठारी महिला अध्यक्ष संदीप सिसोदिया युवा अध्यक्ष मनोनीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहुकारपेट श्वेतांबर स्थानकवासी जैन संघ इन्दावड चेन्नई के अध्यक्ष महावीर चंद सिसोदिया ने अंजू कोठारी को महिला मंडल की अध्यक्ष, समता सिसोदिया को महामंत्री तथा युवा अध्यक्ष संदीप कुमार सिसोदिया को मनोनीत किया। महावीर सिसोदिया ने बताया कि सभी पदाधिकारियों के विचारविमर्श और चयनित की संघ के प्रति समर्पण और सेवाओं को देखते हुए नियुक्त किया गया। महामंत्री मंगलचंद कोठारी ने बताया की संघ विकास के नए आयाम छुए इसे ध्यान में देखते हुए यह निर्णय लिया गया।



बैठक में मंगल चंद कोठारी, रीकब चंद सिसोदिया राजमल सिसोदिया, अनिल सिसोदिया, शांतिलाल सिसोदिया, मुकेश सिसोदिया ने भी संघ हित में अपने विचार व्यक्त किए।

# मनुष्य की सबसे बड़ी सफलता या जीत उसका अपना आत्मविश्वास है : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के नगरथपेट स्थित अजितनाथ जैन श्वेतांबर संघ के तत्वावधान में शनिवार को उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि प्रारब्ध में होगा तो बच जाऊंगा, यह सोचकर आत्महत्या का प्रयास नहीं किया जा सकता। प्रारब्ध की परीक्षा के लिए यदि हम बैठे रहें और भोजन का इंतजाम नहीं करें तो भूखे मरने का अवसर आ सकता है। मानो कि प्रारब्ध से भोजन मिल भी जाए, फिर भी उसे मुंह में देने और चबाने का पुरुषार्थ तो स्वयं को करना पड़ता है। इसी तरह ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कोई बुरे योग बनते हों तो उनसे परेशान होना, हारना या भयभीत होना नहीं होता। उन्हें टालने के लिए सम्यक पुरुषार्थ करना होता है ।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि अच्छा हो या बुरा, जो प्रारब्ध में लिखा होता है, वही मनुष्य को प्राप्त होता है। बावजूद इसके यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मनुष्य को पुरुषार्थवादी बनना चाहिए, प्रारब्धवादी नहीं। भगवान महावीरस्वामी पुरुषार्थवादी थे। उनका संदेश है कि जीवन पुरुषार्थ से ही गति करेगा। मात्र प्रारब्ध के भरोसे बैठकर कभी प्रगति नहीं हो सकती। अच्छे-बुरे प्रारब्ध का निर्माण मनुष्य स्वयं अपने पुरुषार्थ से करता है। जो प्रारब्ध में होगा, वही मिलेगा, यह सोचकर यदि बैठे रहें तो अमूल्य अवसर अपने हाथों से सरक सकते हैं और जीवन आबाद होने के बजाय बरबाद हो सकता है। माना कि प्रारब्ध से हम सभी अनभिज्ञ होते हैं, लेकिन हमारे पुरुषार्थ में कितना दम है, यह हम भलीभांति जानते होते हैं। पुरुषार्थ करने पर भी कुछ न मिले तो माना जा सकता है कि अपने प्रारब्ध में वह नहीं था, लेकिन यदि प्रारब्ध के भरोसे बैठे-बैठे हम पुरुषार्थहीन बन जाएं और कुछ न मिले तो यही सिद्ध होगा कि हमने पाने की मेहनत ही नहीं की। शनिवार के सूर्यग्रहण और छह ग्रहों की युति तथा शनिग्रह के प्रकोप के संदर्भ में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने बताया कि मनुष्य का जीवन असीम संभावनाओं का पुंज है। सूर्य या चंद्र ग्रहण हो अथवा किसी ग्रह का दोष या उसकी पीड़ा हो, तो साधना-आराधना और मंत्रजाप कर अपनी सुरक्षा का प्रबंध किया जा सकता है। मनुष्य की सबसे बड़ी सफलता या जीत उसका अपना आत्मविश्वास है।




Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.